डाक पंजीयन सं. जयपुर सिटी/ 110/2024-26

website: www.royalpatrika.com
G-mail: royalpatrika@gmail.com
Yahoo: royal_patrika@yahoo.com

दैनिक

# रॉयल पत्रिका

वर्ष :13 | अंक : 185 | पेज: 8 | जयपुर, शनिवार, 14 जून 2025 | मूल्य: 1.50 रुपये

## सोना हुआ महंगा, तेल में आई तेजी, शेयर बाजार में गिरावट


● इजरायल-ईरान के बीच युद्ध ने एक दिन में बदल दिया खेल




नई दिल्ली (एजेंसी)। शुक्रवार को बाजार में सब कुछ उथल-पुथल हो गया। शेयर मार्केट में जहां बड़ी गिरावट आई तो वहीं सोने और कच्चे तेल की कीमत बढ़ गई। इसका सबसे बड़ा कारण है ईरान और इजरायल के बीच बने युद्ध के हालात।

इजरायल ने ईरान पर मिसाइल से हमला बोल दिया है। वहीं ईरान ने भी जवाबी कार्रवाई की है। इससे इंटरनेशनल मार्केट में उथ-पटक हो गई। इकोनॉमिक के अनुसार पश्चिमी देशों में शुक्रवार 13 तारीख को अशुभ माना जाता है। इस शुक्रवार को भी ऐसा ही हुआ। शेयर बाजार सेंसेक्स 1300 अंक से ज्यादा गिर गया। निफ्टी भी 24,500 के स्तर से नीचे चला गया। हर तरफ शेयर बेचने की होड़ लग गई। इजरायल के हमले से मध्य पूर्व में तनाव बढ़ गया है। यह क्षेत्र तेल उत्पादन के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इससे पहले से ही दबाव में चल रहे वैश्विक बाजारों पर और दबाव बढ़ गया है। दूसरी तरफ डोनाल्ड ट्रंप की व्यापार नीतियों ने भी बाजार को परेशान कर रखा है। शुक्रवार को एमसीएक्स पर सोने का वायदा भाव 1 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर को पार कर गया। ऐसा कमजोर रुपये और वैश्विक बुलियन बाजारों में तेजी के कारण हुआ। बुलियन बाजार सोने और चांदी के बाजार को कहा जाता है। विश्लेषकों का कहना है कि मध्य पूर्व में अगर युद्ध की स्थिति और बिगड़ती है, तो सुरक्षित निवेश के तौर पर सोने की मांग बढ़ेगी और इसकी कीमतें और भी बढ़ सकती हैं। जब दुनिया में राजनीतिक या आर्थिक अनिश्चितता होती है तो लोग सोने में निवेश करना पसंद करते हैं, क्योंकि इसे एक सुरक्षित संपत्ति माना जाता है।

## जनादेश को कुचलने नहीं देंगे, लड़ने के लिए तैयार हैं



श्रीनगर (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर में उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व में चल रही सरकार और एलजी मनोज सिन्हा के बीच तनातनी बढ़ती दिखाई दे रही है। राज्य के उपमुख्यमंत्री और नेशनल कांफ्रेंस के सीनियर नेता सुरिंदर चौधरी ने एलजी मनोज सिन्हा के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। चौधरी ने बीजेपी पर एलजी मनोज सिन्हा के जरिए 'प्रॉक्सी सरकार' चलाने का आरोप लगाया और कहा कि जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा वापस दिया जाना चाहिए। चौधरी ने यह भी कहा कि अगर जरूरत पड़ेगी की तो सरकार सड़कों पर उतरेगी। चौधरी ने एलजी का नाम लिए बिना कहा कि अगर कोई सोचता है कि वह लोगों के द्वारा दिए गए जनादेश को कुचल सकता है तो ऐसा नहीं होगा।

## इजराइल ने ईरान के 4 एटमी ठिकाने कर दिए तबाह

● 2 सैन्य अड्डे भी बर्बाद, सेना प्रमुख, स्पेशल फोर्स चीफ और दो परमाणु वैज्ञानिकों की मौत

तेहरान/तेल अवीव (एजेंसी)। इजराइल ने शुक्रवार सुबह ईरान के एटमी और दूसरे सैन्य ठिकानों पर बड़ा हमला किया है। इसमें ईरान के 2 बड़े सैन्य अधिकारी और 2 परमाणु वैज्ञानिक मारे गए हैं। एक सीनियर ईरानी अधिकारी ने न्यूयॉर्क टाइम्स को बताया कि राजधानी तेहरान में शाहरक शाहिद महालती नामक जगह पर हमला हुआ। यहां पर हाई रैंक वाले ईरानी सैन्य अफसर रहते हैं। हमले में 3




इमारतें तबाह हो गई हैं। एक इजराइली सैन्य अधिकारी ने दावा किया कि ईरान गुपचुप तरीके से परमाणु हथियार बना रहा है और उसके पास कुछ ही दिनों में 15 परमाणु बम बनाने लायक सामग्री है। इसे रोकने के लिए यह हमला किया गया। रिपोर्ट के मुताबिक, इजरायल के सैन्य और खुफिया एजेंसियों ने मिलकर ईरान के खिलाफ निर्णायक हमला करने के लिए विस्तृत खुफिया जानकारी इकट्ठा की। इस तैयारी में ईरान के सुरक्षा प्रतिष्ठान और परमाणु कार्यक्रम के प्रमुख व्यक्तियों पर केंद्रित वर्षों की मेहनत थी।

## पंजाब की इंस्टाग्राम इन्फ्लुएंसर कमल भाभी के 2 हत्यारे गिरफ्तार

● शोरूम के प्रमोशन के बहाने बठिंडा बुलाया, गैराज में ले जाकर गला घोंटा

लुधियाना (एजेंसी)। पंजाब की सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर कंचन कुमारी उर्फ कमल कौर भाभी के 2 हत्यारों को बठिंडा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों की पहचान मोगा के जसप्रीत सिंह मेहरू और तरनतारन के निमनरजीत सिंह के रूप में हुई है। हत्या का मास्टरमाइंड अमृतपाल सिंह मेहरू अभी फरार है। उसकी गिरफ्तारी के लिए टीमें लगी हुई हैं। बठिंडा की एससपी अमनदीप कौंडल ने बताया कि अमृतपाल और उसके साथियों ने



कमल कौर के वीडियो को लेकर उसकी हत्या की है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह यूथ को गलत रास्ते पर लेकर जा रही थी। इसे लेकर कमल कौर को समझाया भी था, लेकिन वह नहीं मानी। आरोपियों ने 9 जून को शोरूम प्रमोशन का बहाना बनाकर उसे बठिंडा बुलाया। कार खराब होने का बहाना बनाकर वे उसे गैराज में ले गए। यहां उसकी गला घोंटकर हत्या कर दी। उसी की कार में शव डालकर पार्किंग में खड़ी कर आए। अमृतपाल सिंह मेहरू की सुबह एक पोस्ट सामने आई थी, जिसमें उसने लिखा था- इसने सिख महिलाओं का कौर नाम इस्तेमाल करके हमारे सिख इतिहास और सभ्याचार को खराब किया। इस कारण इसका काम तमाम करने में हर्ज नहीं।

# मिल गया ब्लैकबाक्स, अब खुलेंगे क्रैश के राज

● एयर इंडिया के दुर्घटनाग्रस्त विमान का डीवीआर हुआ बरामद ● अब तक 265 शव अस्पताल लाए गए, डीएनए सैंपलिंग जारी



अहमदाबाद (एजेंसी)। दुर्घटनाग्रस्त प्लेन एयर इंडिया फ्लाइट नंबर एआई-171 का ब्लैक बाक्स विमान की छत से बरामद हो गया है। वहीं डिजिटल वीडियो रिकॉर्डर (डीवीआर) बरामद कर लिया गया है। काफी मशक्कत के बाद इसे मलबे से बरामद किया गया है। बता दें कि इस डीवीआर से महत्वपूर्ण डेटा स्टोर रहता है जिससे विमान दुर्घटना का सही कारण पता चल पाएगा। बता दें कि फ्लाइट में लगे सीसीटीवी कैमरे बहुत कुछ रिकॉर्ड करते हैं, जिसका डाटा डीवीआर में स्टोर होता है। ये कैमरे कॉक-पिट से लेकर पैसेंजर केबिन तक सब कुछ रिकॉर्ड करते हैं। एंट्री और एग्जिट गेट के साथ इमरजेंसी गेट भी इनकी नजरों से बच नहीं पाते। इन कैमरों में रिकॉर्डिंग स्टोर भी होती है। घटना की पुष्टि करते हुए घटनास्थल पर मौजूद एटीएस अधिकारी ने कहा कि यह एक डीवीआर है, जिसे हमने मलबे से बरामद किया है। एफएसएल टीम जल्द ही आएगी।

### आग से लोहे गल गए, लेकिन भगवद् गीता को खरोंच भी नहीं

इस दौरान रेस्क्यू टीम को एक भगवद गीता मिली। संभवत: कोई यात्री इस पवित्र ग्रंथ को अपने साथ रखकर अहमदाबाद से लंदन की यात्रा कर रहा हो। जहां सभी सामान जलकर राख हो चुके थे, वहां भगवद् गीता पूरी तरह सुरक्षित और पढ़ने योग्य अवस्था में थी। वहां मौजूद लोग इसे किसी चमत्कार की तरह देख रहे हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में एक व्यक्ति दुर्घटनास्थल पर मलबे के बीच से गीता के पन्नों को दिखाते नजर आ रहा है। मलबे में बुरी तरह जले और टूटे-फूटे विमान के हिस्सों के बीच भगवद गीता का सुरक्षित पाया जाना न केवल चमत्कार माना जा रहा है बल्कि यह लोगों की आस्था और श्रद्धा का प्रतीक बन गया है। घटनास्थल पर मौजूद एक व्यक्ति द्वारा गीता के पन्ने दिखाते हुए इस वीडियो ने सोशल मीडिया पर लोगों की भावना को छुआ है।



## अहमदाबाद विमान हादसे में 60 विदेशी यात्रियों की मौत

● इनमें 52 ब्रिटिश, 7 पुर्तगाली और 1 कनाडाई यात्री शामिल ● ट्रम्प बोले-हम जो कर सकते हैं करेंगे

नई दिल्ली (एजेंसी)। अहमदाबाद में एअर इंडिया का बोइंग 787 ड्रीमलाइनर प्लेन क्रैश हो गया। इस प्लेन में 60 विदेशी नागरिकों की भी मौत हो गई है। हादसे में एक ब्रिटिश पैसेंजर जिंदा बच गया है। उधर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इसे घटना को प्लेन हादसों के इतिहास में सबसे बुरी दुर्घटनाओं में से एक बताया है। व्हाइट हाउस में बोलते हुए उन्होंने कहा कि यह एक



भयानक दुर्घटना थी। हम जो कुछ भी कर सकते हैं, करेंगे। ट्रंप ने कहा- किसी को कुछ पता नहीं चला कि क्या हुआ। ऐसा लग रहा था कि वह ठीक-ठाक उड़ रहा था। ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर ने संसद में कहा- मेरी संवेदनाएं पीड़ितों के साथ हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय अधिकारियों की मदद के लिए एक टीम भारत भेजी गई है। विदेश सचिव इस पर काम कर रहे हैं और जल्द इस बारे में जानकारी देंगे।

## पीएम मोदी ने पूर्व सीएम विजय रूपाणी के परिवार से मुलाकात की

पीएम मोदी ने गांधीनगर में विजय रूपाणी के परिवार से मुलाकात की। उन्होंने एक्स पर लिखा- यह कल्पना करना भी मुश्किल है कि विजयभाई अब हमारे बीच नहीं हैं। मैं उन्हें दशकों से जानता था। हमने साथ मिलकर काम किया, कंधे से कंधा मिलाकर, कई मुश्किल दौरों में भी।



विजयभाई विनम्र और मेहनती थे, और पार्टी की विचारधारा के प्रति पूरी तरह समर्पित थे। उन्होंने संगठन में विभिन्न जिम्मेदारियां निभाई और बाद में गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में ईमानदारी से सेवा की।

## एयर इंडिया के बोइंग 787-8 पर रोक की शुरू हुई तैयारी

केंद्र सरकार बोइंग ड्रीमलाइनर 787-8 विमान को उड़ान भरने से रोकने पर विचार कर रही है। सूत्रों के हवाले से बताया कि सिक्योरिटी रिव्यू के लिए विमानों को ग्राउंड किया जा सकता है। यह फैसला अहमदाबाद में हुए प्लेन क्रैश के बाद लिया गया है। एअर इंडिया का 787-8 विमान 12 जून को अहमदाबाद में क्रैश हुआ था। इसमें अब तक 265 लोगों के शव बरामद कर लिए गए हैं।

इनमें से 241 मृतक विमान में सवार पैसेंजर्स और क्रू मेंबर्स थे। 5 मृतक उस मेडिकल हॉस्टल के हैं, जहां प्लेन क्रैश हुआ था। नागरिक उड्डयन मंत्रालय के पूर्व जॉइंट सेक्रेटरी सनत कौल ने न्यूज एजेंसी से बातचीत में कहा- डीजीसीए (डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन) ने एअर इंडिया को कई बार लेटर लिखा था। जिसमें सिक्योरिटी, गलत तरह से चेकिंग और अन्य खामियों से जुड़ी बातें बताई गई थीं। अब जब हादसा हो गया तो एअर इंडिया पर सवाल उठता है कि वे अपने विमानों का मेंटिनेंस कैसे करते हैं।

## प्लेन क्रैश में बचे इकलौते यात्री ने बताया, कैसे जिंदा बचा



### कहा-दरवाजा टूटा और सीट समेत नीचे गिर गया, पीएम मिले

अहमदाबाद (एजेंसी)। अहमदाबाद प्लेन हादसे में जिंदा बचे इकलौते यात्री रमेश विश्वास कुमार ने बताया कि मुझे विश्वास नहीं होता कि मैं कैसे जिंदा बाहर निकला। शायद दरवाजा टूटा और सीट समेत नीचे गिर गया। मुझे कुछ याद नहीं था। रमेश कुमार अहमदाबाद के सिविल अस्पताल में भर्ती हैं। पीएम मोदी ने शुक्रवार को उनसे मुलाकात की और हालचाल जाना। दोनों के बीच करीब 10 मिनट बातचीत हुई। इसके बाद रमेश ने डीडी न्यूज से बातचीत में कहा, पीएम ने उनका हालचाल जाना और पूछा कि हादसा कैसे हुआ। रमेश प्लेन की 11ए सीट पर बैठे थे। हादसे के बाद वे घटनास्थल से खुद पैदल चलकर बाहर निकले। उधर सिविल अस्पताल में एक के बाद एक शवों से भरी एंबुलेंस सिविल अस्पताल के पोस्टमार्टम रूम में भेजी जा रही है। अब तक 265 शवों के पोस्टमॉर्टम किए जा चुके हैं। गुजरात सरकार ने मृतकों और घायलों के परिजन की सुविधा के लिए हेल्पलाइन नंबर- 9978405304 और 079 232 51900 जारी किए हैं।

## तीन बार फेल रहे सोनम, राज कुशवाहा और सभी हमलावर

● पुलिस ने कहा-चौथी कोशिश में हुई राजा रघुवंशी की हत्या

इंदौर (एजेंसी)। इंदौर के राजा रघुवंशी हत्याकांड के मामले में मेघालय की पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। मेघालय पुलिस ने कहा है कि सोनम, राज कुशवाहा और अन्य आरोपी चौथी कोशिश में राजा रघुवंशी की हत्या के अपने नापाक इरादों में कामयाब हुए, इससे पहले तीन बार इनकी कोशिश फेल हो गई। पुलिस ने कहा है कि राजा रघुवंशी की हत्या कोई कांट्रैक्ट किलिंग नहीं थी और इसका मास्टरमाइंड सोनम रघुवंशी का प्रेमी राज कुशवाहा था। पूर्वी खासी हिल्स के एसपी विवेक सिएम ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि राज कुशवाहा के दोस्त आकाश राजपूत, विशाल चौहान और आनंद कुर्मी तीनों सोनम और राज कुशवाहा से पहले गुवाहाटी पहुंच गए। पुलिस ने बताया कि गुवाहाटी में राजा की हत्या की पहली कोशिश की गई लेकिन यह फेल हो गई। इसके बाद शिलांग और पूर्वी खासी हिल्स के मावलखियात गांव के पास दो बार और राजा की हत्या की कोशिश की गई लेकिन यहां भी हमलावरों को कामयाबी नहीं मिली। एसपी ने बताया कि 23 मई को दोपहर 2 बजे से 2.18 बजे के बीच, हमलावरों ने वेई सावडोंग फॉल्स के पास राजा रघुवंशी को मौत के घाट उतार दिया। उन्होंने कहा कि सभी ने बारी-बारी से उस पर हमला किया। इसके बाद आकाश ने अपनी खून से सनी शर्ट उतार दी और सोनम का रेनकोट पहन लिया। बता दें कि 11 मई को शादी के बाद 21 मई को राजा और सोनम शिलांग पहुंचे थे।



## बम होने की सूचना, एयर इंडिया के विमान की इमरजेंसी लैंडिंग

### थाईलैंड के फुकेट से दिल्ली आ रहा था विमान, 156 यात्री थे सवार

बैंकॉक (एजेंसी)। थाईलैंड के फुकेट इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर एअर इंडिया की फ्लाइट एआई-379 की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। यहां प्लेन में बम होने की सूचना मिली थी। विमान में 156 लोग




सवार थे। फ्लाइट फुकेट से दिल्ली आ रही थी। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स ने फ्लाइट ट्रैकर 'फ्लाइट्रेडर24' के हवाले से बताया कि एअर इंडिया की फ्लाइट ने फुकेट एयरपोर्ट से भारतीय समयानुसार सुबह 9.30 बजे (स्थानीय समयानुसार दोपहर 2.30 बजे) टेकऑफ किया था। विमान अंडमान सागर के ऊपर एक बड़ा चक्कर लगाते हुए पलटा और करीब 20 मिनट बाद फुकेट में सुरक्षित इमरजेंसी लैंडिंग की।

## तापमान 48 डिग्री पहुंचने की आशंका, और जलाएगा पारा

● यूपी-एमपी सहित 9 राज्यों में हीटवेव की अलर्ट जारी

### राजस्थान-हरियाणा में रेड अलर्ट, तेलंगाना में 6 की मौत

नई दिल्ली (एजेंसी)। देश में मानसून 29 मई से मुंबई-छत्तीसगढ़ बॉर्डर पर रुका है। साउथ और नॉर्थ-ईस्ट के राज्यों को छोड़कर सभी राज्यों में भीषण गर्मी पड़ रही है। मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश सहित 9 राज्यों में आज हीटवेव का अलर्ट है। राजस्थान, हरियाणा, पंजाब और दिल्ली में भीषण गर्मी का रेड अलर्ट है। यहां तापमान 45 डिग्री से ऊपर जा सकता है। वहीं, हरियाणा के 9 जिलों में दिन का तापमान 48 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। मध्य प्रदेश के उज्जैन, सागर, ग्वालियर-चंबल संभाग के 12 जिलों में लू चलने की चेतावनी है। वहीं, राजस्थान के भी 22 जिलों में हीटवेव का अलर्ट है। गुरुवार को श्रीगंगानगर, कोटा, बीकानेर सहित कई जिलों में तापमान 45 डिग्री के पार रहा।



दूसरी तरफ, मौसम विभाग ने कर्नाटक, गोवा, केरल, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, असम, मेघालय और उत्तराखंड में भारी बारिश की संभावना जताई है।

# रॉयल पत्रिका संपादकीय

## देश की बीमार स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल

सरकार के तमाम दावों के बावजूद देश में स्वास्थ्य सेवाओं की सेहत लगातार बिगड़ रही है, तो आखिर इसकी वजह क्या है। प्रति वर्ष बजट में स्वास्थ्य के लिए जो राशि तय होती है, वह इतनी नहीं जिससे सभी नागरिकों को चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध हो सकें। सच्चाई यही है कि गंभीर बीमारी का इलाज कराने के क्रम में आम आदमी की सारी जमा-पूंजी खत्म हो जाती है। इसी वजह से कई परिवार तो गरीबी रेखा के नीचे चले जाते हैं। यह दुखद ही है कि आजादी के बाद से अब तक हम शहरों और गांवों में स्वास्थ्य सेवाओं का मजबूत ढांचा नहीं बना पाए हैं।

आज भी सरकारी अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में आधुनिक उपकरणों और बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। इसका नतीजा अंतत: मरीजों को भुगतना पड़ता है। बीते दिनों बलिया में मोबाइल फोन की रोशनी में चार महिलाओं का प्रसव कराया गया। यह सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों की बदहाली की एक और बानगी है।
कई अस्पतालों में जेनरेटर और डीजल के अभाव का बहाना बनाया जाता है, लेकिन वहां इसकी सुविधा उपलब्ध होने पर भी यह नौबत क्यों आई, यह जांच का विषय है। इसी जिले में पिछले दिनों जिलाधिकारी के औचक निरीक्षण के दौरान सरकारी अस्पताल में अव्यवस्था उजागर हुई। हकीकत है कि देश में स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली आज भी कायम है।

आबादी के लिहाज से सरकारी अस्पतालों की संख्या काफी कम है। गांवों के मरीज उपचार के लिए शहरों की तरफ भागते हैं, जहां निजी अस्पतालों में अपनी थोड़ी बहुत बचत भी गंवा बैठते हैं। यह एक बड़ा सवाल है कि सेहत की देखभाल पर आम आदमी का खर्च कम क्यों नहीं हो रहा? यह सरकार के लिए भी एक चुनौती है। फिलहाल इस पर जोर देने की जरूरत है कि मरीजों का सुरक्षित उपचार हो और वे स्वस्थ होकर अपने घर लौटें।
बलिया की घटना से पहले भी टार्च की रोशनी में इलाज और आपरेशन किए जाने की खबरें आती रही हैं। उपचार में देरी और गलत निदान की वजह से मरीजों की मौत हो जाती है, इससे इनकार नहीं किया जा सकता। मसला अब बुनियादी सुविधाओं का भी है। स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही और बदहाली पर सवाल उठते हैं, तो यह गलत नही हैं।

# जातिगत जनगणना के पीछे क्या है सियासी गणित? जो कांग्रेस के एजेंडे में था, अचानक BJP क्यों हुई तैयार

जातिगत जनगणना की मांग दशकों से चली आ रही है, लेकिन केंद्र सरकार ने इसे हमेशा टालने की कोशिश की। अब अचानक मोदी सरकार ने इस पर सहमति दी है। 2025 की जनगणना में जातियों की गिनती की जाएगी। यह सिर्फ आंकड़ों का विषय नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय और राजनीतिक समीकरणों से जुड़ा बड़ा फैसला है। सवाल उठता है: बीजेपी, जो इस मांग का विरोध करती आई है, आखिर अब क्यों तैयार हुई?

सियासी पृष्ठभूमि और कांग्रेस का एजेंडा

कांग्रेस की पहल:
राहुल गांधी ने जातिगत जनगणना को "OBC न्याय" का मुद्दा बनाया। उन्होंने संसद और चुनावी रैलियों में इसे प्रमुखता दी। 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने इसे अपने घोषणापत्र में शामिल कर वादा किया था कि सत्ता में आते ही जातिगत जनगणना कराएंगे।

OBC वोटबैंक की लड़ाई:
आजादी के बाद OBC वर्ग लंबे समय तक कांग्रेस के साथ रहा, लेकिन 2014 के बाद यह वोट बैंक BJP की ओर झुका। कांग्रेस अब इस वोट बैंक को फिर से अपने साथ जोड़ने की कोशिश में है।

'जनगणना नहीं, सत्ता की गिनती' का नारा:
राहुल गांधी बार-बार कहते रहे कि देश की 73% आबादी OBC, SC, ST है, लेकिन सत्ता में उनकी हिस्सेदारी बेहद कम है। जाति आधारित जनगणना के जरिए वे सत्ता में 'हिस्सेदारी' का सवाल उठा रहे हैं।

30 अप्रैल 2025 को राजनीतिक विषयों की कैबिनेट कमेटी ने जातिगत जनगणना कराने का फैसला लिया। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मीडिया को बताया कि जातियों की गणना अब आने वाली मूल जनगणना में ही शामिल होगी। राजनीतिक मामलों की कैबिनेट कमेटी के अध्यक्ष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। इसके अलावा इस कमेटी में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल भी इसमें शामिल हैं।

देश में पिछली जनगणना 2011 में हुई थी। इसे हर 10 साल में किया जाता है। इस हिसाब से 2021 में अगली जनगणना होनी थी, लेकिन कोविड-19 महामारी के कारण इसे टाल दिया गया था।

बिहार में अक्टूबर-नवंबर में चुनाव हैं, इसलिए कयास लगाए जा रहे हैं कि सरकार सिंतबर में ही जनगणना की शुरुआत कर सकती है। इसे पूरा होने में कम से कम 1 साल लगेगा, इसलिए जातिगत जनगणना के अंतिम आंकड़े 2026 के अंत या 2027 की शुरुआत तक आ सकते हैं।

जाति जनगणना के ऐलान के बाद राहुल गांधी ने कहा- हम इसे सपोर्ट करते हैं, लेकिन सरकार को इसकी समय सीमा बतानी होगी। हमने तेलंगाना में कास्ट सेंसस कराया, इसे मॉडल बनाया जा सकता है। हमें कास्ट सेंसस से आगे जाना है। किस जाति की ऊंचे पदों में कितनी हिस्सेदारी है, ये पता करनी है।

पूरे देश में जनगणना के लिए सरकारी कर्मचारियों की नियुक्ति होती है, इन्हें एन्यूमेरेटर कहते हैं। ये तय किए गए इलाकों में पहुंचकर तमाम जानकारियां जुटाते हैं। जनगणना दो हिस्सों में होती है-

हाउस लिस्टिंग और हाउस सेंसस: 1 से दो महीने के समय में सभी कच्चे-पक्के घरों की गिनती, बिजली, पेयजल, शौचालय, प्रॉपर्टी जैसे सवाल पूछे जाते हैं। अप्रैल-मई 2010 में इसमें 45 दिन का समय लगा था।

पापुलेशन काउंटिंग: इसमें करीब 1 महीने का समय लगता है। इसमें लोगों की उम्र, लिंग, परिवार, जन्म की तारीख, वैवाहिक स्थिति, पता, रोजगार, धर्म और SC/ST हैं तो उसकी डिटेल्स पूछी जाती हैं।

जनगणना का रिकॉर्ड बताता है कि हर बार पूछे जाने वाले सवालों की संख्या बढ़ जाती है। मसलन, 2001 की तुलना में 2011 की जनगणना में कई एक्स्ट्रा सवाल पूछे गए। जैसे- जहां आप नौकरी करते हैं वो जगह आपके घर से कितनी दूर है। गांव का नाम भी पहली बार पूछा गया था।

आखिर में इस डेटा को इकठ्ठा करके इसे नेशनल पॉपुलेशन रजिस्टर में दर्ज किया जाता है। जनगणना अधिनियम 1948 के तहत जनगणना का विस्तृत डेटा गोपनीय रखा जाता है।

2011 तक जनगणना फॉर्म में कुल 29 कॉलम होते थे। इनमें नाम, पता, व्यवसाय, शिक्षा, रोजगार और माइग्रेशन जैसे सवालों के साथ केवल SC और ST कैटेगरी से ताल्लुक रखने को रिकॉर्ड किया जाता था। अब जाति जनगणना के लिए इसमें एक्स्ट्रा कॉलम जोड़े जा सकते हैं।

पॉलिटिकल एनालिस्ट रशीद किदवई कहते हैं कि मुसलमानों में भी कई पिछड़ी जातियां हैं। उनकी भी गिनती की जाएगी। मुख्य समस्या जनगणना के बाद शुरू होगी, जब इसे लेकर योजनाएं और रिजर्वेशन लागू करने की मांग होगी। मुसलमानों के अलावा महिलाओं या किसी भी अन्य जाति वर्ग को लेकर भी नए सिरे से एक बहस छिड़ेगी।

साल 1881 में अंग्रेजों ने पहली बार जनगणना करवाई थी। इसमें जातियों की भी गिनती होती थी। 1931 तक ऐसा ही चलता रहा। तब पूर्ण जातिगत जनगणना हुई थी। 1941 में जातिगत जनगणना तो हुई, लेकिन इसके आंकड़े सार्वजनिक नहीं किए गए।

इसके बाद आजाद भारत की पहली कैबिनेट में शामिल नेहरू, पटेल और आंबेडकर जैसे नेताओं ने तय किया कि जातिगत जनगणना नहीं करवाई जाएगी, क्योंकि इससे समाज में बंटवारा होगा।

आजादी के बाद 1951 में पहली जनगणना हुई, इसमें सभी जातियों के बजाय सिर्फ अनुसूचित जातियों (SC) और अनुसूचित जनजातियों (ST) की गिनती हुई। यानी SC और ST का डेटा दिया गया लेकिन OBC और दूसरी जातियों का डेटा नहीं दिया गया।

तब से ऐसा ही चला आ रहा है। हर दस साल में होने वाली जनगणना में SC और ST के अलावा दूसरी किसी भी जाति का डेटा नहीं दिया जाता है।

1951 से 2011 तक हर 10 साल पर जनगणना होती रही है। इसके पीछे संवैधानिक कारण हैं। दरअसल, संविधान की धारा 330 और 332 में यह प्रावधान है कि SC और ST समुदायों की जनसंख्या के आधार पर उनके लिए लोकसभा और राज्यसभा में सीटें रिजर्व की जाएं।

बिना सही जनसंख्या का पता लगाए उस अनुपात में सीटें रिजर्व करना संभव नहीं है, इसीलिए हर 10 साल में होने वाली जनगणना के साथ ही SC और ST के आंकड़े भी जारी किए जाते हैं। 2021 में जनगणना हुई नहीं है, इसलिए अभी SC और ST सीटों का रिजर्वेशन 2011 की जनगणना के आधार पर ही किया जाता है।

समय-समय पर पिछड़ी जातियों के रिजर्वेशन के लिए सभी जातियों की जनगणना की भी मांग की जाती रही है, लेकिन इसके लिए संविधान में कोई प्रावधान नहीं है।

हालांकि, इस साल बिहार और कर्नाटक जैसे राज्यों में जातिगत सर्वे कराए गए हैं। 2023 में बिहार सरकार ने इसके आंकड़े भी जारी किए थे।

बिहार ने 2 अक्टूबर, 2023 को जातिगत जनगणना (सर्वे) के आंकड़े जारी किए थे। ऐसा करने वाला देश का पहला राज्य बना था। जातिगत जनगणना और जातिगत सर्वे में तीन बड़े फर्क हैं-

1. जातिगत जनगणना का अधिकार सिर्फ केंद्र को

राष्ट्रीय स्तर पर जनगणना करवाना केंद्र सरकार का अधिकार है। 1948 के जनगणना एक्ट के तहत केंद्र सरकार का गृह मंत्रालय जनगणना से जुड़े नियम बनाने, जनगणना के लिए कर्मचारी नियुक्त करने और लोगों से डेटा इकट्ठा करने का काम कर सकता है।

संविधान के आर्टिकल 246 के तहत जनगणना संघ सूची का विषय है। इस सूची में डिफेंस, विदेशी मामले, जनगणना और रेलवे जैसे 100 मुद्दे हैं, जिन पर सिर्फ संसद कानून बना सकती है।

राज्य सरकारें अपने राज्य में सामाजिक और आर्थिक मामलों से जुड़ी योजनाएं बनाने के लिए सर्वे करवा सकती हैं। 2008 के सांख्यिकी संग्रह अधिनियम के तहत उन्हें इसका अधिकार है।

किसी सर्वेक्षण के लिए राज्य सरकार कोई कमेटी या आयोग भी बना सकती है। इसी अधिकार के तहत उत्तराखंड ने यूनिफॉर्म सिविल कोड के लिए कमेटी बनाई और सर्वे करके आंकड़े जुटाए थे।

सैम्पल साइज और डेटा में फर्क

जनगणना पूरे देश में चलने वाली एक लंबी प्रोसेस है। इसमें एक तय समय के दौरान पूरे देश के लोगों को शामिल किया जाता है, जबकि जातिगत सर्वे का सैम्पल साइज छोटा होता है।

जनगणना में कई तरह के सवाल पूछे जाते हैं, जबकि जातिगत सर्वे में सिर्फ समुदाय, जाति और उपजाति से जुड़े सवाल पूछे जाते हैं। बिहार में हुई जनगणना में सिर्फ 15 सवाल पूछे गए थे।

जनगणना संवैधानिक मुद्दा, जातिगत सर्वे राज्य सरकारों की मर्जी जनगणना करवाने को लेकर संविधान में प्रावधान हैं। वहीं जातिगत सर्वे राज्य सरकारों की अपनी मर्जी से कराए जाते हैं। इसके पीछे अक्सर राजनीतिक मंशा होती है। जबकि तर्क ये दिया जाता है कि इससे योजनाएं और आरक्षण तय करने में मदद मिलेगी।

## सारा संसार



भगवान श्री कृष्ण की प्रेममय लीलास्थली के प्रति लोगों को प्रेरित करने के लिए वृंदावन में एक भव्य मंदिर लीलाधाम की स्थापना की गई। 221 फीट ऊंचे, सफेद पत्थरों वाले मंदिर में नौ मंजिला मंदिर की स्थापना सन 1969 में श्रीमद लीलानंद ठाकुर जी (पागलबाबा) द्वारा की गई।

## कुदरत

डॉ कविता सिंधू ख़रीटा




## परिंदों की चहचहाहट: आशा की एक विलक्षण भाषा

हर सुबह जब हम अखबार खोलते हैं या टीवी ऑन करते हैं, तो हमारे सामने युद्ध, राजनीति, और समाज की गहरी चिंताओं से जुड़ी खबरें होती हैं। सड़कों पर चलते चेहरे थकान, चिंता और निराशा से भरे होते हैं, लेकिन इसी दुनिया में, इसी समय में, कुछ ऐसा भी है जो हमें इन सबसे ऊपर उठने की शक्ति देता है वो हैं चहचहाते परिंदे। मैंने यह महसूस किया है कि दिन की शुरुआत अगर इन परिंदों को देखकर हो, तो जीवन के कठोर यथार्थ के बीच भी एक मधुर संगीत सुनाई देता है, जो हमें सुकून देता है। कमरे की खिड़की पर बैठा एक छोटा सा परिंदा जब अपने नन्हे पंख फड़फड़ाता है या खुले लॉन में उड़ता है, तो लगता है जैसे प्रकृति हमें अब भी प्रेम और मासूमियत का संदेश दे रही है। इन परिंदों की मौजूदगी हमें याद दिलाती है कि इस जटिल और बेरहम समय में भी अगर हमारे पास देखने के लिए दो भोली आंखें और महसूस करने के लिए एक धड़कता दिल है, तो पृथ्वी पर अभी भी प्रेम, उल्लास और करुणा मौजूद हैं। यह दृश्य महज़ एक प्राकृतिक सौंदर्य नहीं, बल्कि मानवीय संवेदना का प्रतीक है। यह हमें प्रेरित करता है कि हम अपने भीतर की आशा, विश्वास और करुणा को जीवित रखें क्योंकि करुणा ही हमें सभी जीवों के प्रति आत्मीयता का भाव रखने की प्रेरणा देती है। जब हम परिंदों को देखते हैं, हम मानो खुद से, और इस दुनिया की सुंदरता से फिर से जुड़ जाते हैं। परिंदों की चहचहाहट केवल ध्वनि नहीं, वह एक मौन संवाद है, जो हमें कहता है कि जीवन अभी समाप्त नहीं हुआ है, कि हर अंधेरे के बाद एक सुबह होती है, और हर सर्दी के बाद बसंत लौटता है। जब ये परिंदे सुबह के शांत आकाश में उड़ते हैं, तो लगता है मानो वे जीवन के गीत गा रहे हों, गीत जो संघर्ष के बावजूद उम्मीदों से भरे हैं। इन नन्हें पंखों में जो उड़ान है, वह केवल आकाश में ऊँचाई को नापने की नहीं, बल्कि हमारे मन में जमी उदासी की परतों को हटाने की है। वे हमें याद दिलाते हैं कि अगर हम चाहे तो हर दिन एक नई शुरुआत हो सकती है एक नई सोच, एक नई ऊर्जा, एक नया विश्वास। आखिरकार, परिंदों की चहचहाहट एक अनकही कविता है प्रकृति द्वारा रची गई, हर दिल को छू लेने वाली, हर आत्मा को जगा देने वाली। यह आशा की वह भाषा है जिसे न तो किसी अनुवाद की आवश्यकता है और न ही किसी औपचारिकता की। यह सीधा दिल से दिल तक पहुंचती है। तो अगली बार जब आप किसी परिंदे को चहचहाते सुनें या उड़ते हुए देखें, तो बस एक पल रुक जाइए और भीतर तक गहराई से महसूस कीजिए कि आप भी उसी आशा का ही एक हिस्सा हैं, जो हर सुबह हमारे आसमान में पंख फैलाकर उड़ान भरती है।



(ये लेखिका के अपने विचार हैं।)

## सजगता से दूर होती है चिंता




संकलित

दर्शन

जब तुम चिंता का अनुभव करो, बहुत चिंताग्रस्त हो जाओ, तब इस विधि का प्रयोग करो। इसके लिए क्या करना होगा? जब साधारणतः तुम्हें चिंता घेरती है, तब तुम क्या करते हो? तुम उसका हल ढूंढ़ते हो। उसके उपाय खोजते हो। लेकिन ऐसा करके तुम और भी चिंताग्रस्त हो जाते हो। तुम उपद्रव को बढ़ा लेते हो, क्योंकि विचार से चिंता का समाधान नहीं हो सकता है। विचार के द्वारा चिंता का विसर्जन नहीं हो सकता है, क्योंकि विचार स्वयं एक तरह की चिंता है। यह विधि बहुत आसान है। यह कहती है कि चिंता के साथ कुछ मत करो। सिर्फ सजग हो जाओ। मैं तुम्हें एक दूसरे जेन गुरु बोकोजू के संबंध में एक पुरानी कहानी सुनाता हूं। वह एक गुफा में अकेले रहते थे, बिल्कुल अकेले। लेकिन दिन में या कभी-कभी रात में भी वह जोरों से कहता थे, 'बोकोजू'। यह उनका अपना नाम था। और फिर वह खुद कहते, 'हां महोदय, मैं मौजूद हूं।' जबकि वहां कोई दूसरा नहीं होता था। उनके शिष्य उससे पूछते थे, 'क्यों आप अपना ही नाम पुकारते हैं और फिर खुद कहते हैं, हां, मैं उपस्थित हूं?' बोकोजू ने कहा, 'जब भी मैं विचार में डूबने लगता हूं तो मुझे सजग होना पड़ता है। इसीलिए मैं अपना नाम पुकारता हूं। जिस क्षण मैं बोकोजू कहता हूं और कहता हूं कि हां महाशय, मैं मौजूद हूं, उसी क्षण विचारणा, चिंता विलीन हो जाती है।' फिर अपने अंतिम दिनों में, आखिरी दो-तीन वर्षों में उन्होंने कभी अपना नाम नहीं पुकारा और न ही यह कहा कि हां, मैं मौजूद हूं।

## सिद्धियों का उचित प्रयोग ही करें



संकलित

प्रेरणा

चार विद्वान ब्राह्मण मित्र थे। एक दिन चारों ने संपूर्ण देश का भ्रमण कर हर प्रकार का ज्ञान अर्जित करने का निश्चय किया। चारों ब्राह्मणों ने चार दिशाएं पकड़ीं और अलग-अलग स्थानों पर रहकर अनेक प्रकार की विद्याएं सीखीं। पांच वर्ष बाद चारों अपने गृहनगर लौटे और एक जंगल में मिलने की बात तय की। चूंकि चारों परस्पर एक-दूसरे को अपनी गूढ़ विद्याओं व सिद्धियों को बताना चाहते थे, अतः इसके लिए जंगल से उपयुक्त अन्य कोई स्थान नहीं हो सकता था। जब चारों जंगल में एक स्थान पर एकत्रित हुए तो वहां उन्हें शेर के शरीर की एक हड्डी पड़ी हुई मिली। एक ब्राह्मण ने कहाः मैं अपनी विद्या से इस एक हड्डी से शेर का पूरा अस्थि पंजर बना सकता हूँ। उसने ऐसा कर भी दिखाया। तब दूसरे ब्राह्मण ने कहाः मैं इसे त्वचा, मांस और रक्त प्रदान कर सकता हूँ। फिर उसने यह कर दिया। अब उन लोगों के समक्ष एक शेर पड़ा था, जो प्राणविहीन था। अब तीसरा ब्राह्मण बोलाः मैं इसमें अपनी सिद्धि के चमत्कार से प्राण डाल सकता हूँ। चौथे ब्राह्मण ने उसे यह कहते हुए रोकाः यह मूर्खता होगी। हमें तुम पर विश्वास है, किंतु यह करके न दिखाओ। किंतु तीसरे ब्राह्मण का तर्क था कि ऐसी सिद्धि का क्या लाभ जिसे क्रियान्वित न किया जाए। उसका हठ देखकर चौथा ब्राह्मण तत्काल पास के पेड़ पर चढ़कर बैठ गया। तीसरे ब्राह्मण के मंत्र पढ़ते ही शेर जीवित हो गया। प्राणों के संचार से शेर को आहार की आवश्यकता महसूस हुई और उसने सामने मौजूद तीनों ब्राह्मणों को मारकर खा लिया। चौथे ब्राह्मण ने समझदारी से अपने प्राण बचा लिए।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### प्राइवेट सिस्टम : आम आदमी की जेब पर हमला

भारत एक ऐसा देश है जहां शिक्षा और स्वास्थ्य को बुनियादी अधिकार माना जाता है। लेकिन जब यही अधिकार एक व्यापार का रूप ले लें, तो आम आदमी की जिंदगी में यह अधिकार बोझ बन जाते हैं। आज के दौर में प्राइवेट स्कूल और प्राइवेट हॉस्पिटल सुविधाओं के नाम पर ऐसी व्यवस्था खड़ी कर चुके हैं जो आम नागरिक की जेब पर सीधा हमला करती है। यह हमला सिर्फ आर्थिक नहीं, मानसिक और सामाजिक भी है। प्राइवेट स्कूलों की बात करें तो अब ये शिक्षण संस्थान कम और फाइव स्टार होटल ज्यादा लगते हैं। स्कूल में दाखिले के लिए लाखों की डोनेशन, एडमिशन फीस, एनुअल चार्जेस, ड्रेस, किताबें, जूते, बस फीस, हर चीज में अलग-अलग मदों के नाम पर वसूली होती है। - चंद्रकांत पांडे, रायगढ़

## करंट अफेयर

### संरा महासभा ने जर्मनी की बेयरबॉक को अध्यक्ष चुना



संयुक्त राष्ट्र महासभा ने गुप्त मतदान की रूस की मांग के बीच जर्मनी की पूर्व विदेश मंत्री एनालेना बेयरबॉक को 193 सदस्यीय विश्व निकाय का अगला प्रमुख चुना। बेयरबॉक को 167 वोट मिले जो कि जीत के लिए आवश्यक 88 वोटों से लगभग दोगुने हैं जबकि उच्च पदस्थ जर्मन राजनयिक हेल्गा शिमड को लिखित रूप मे सात वोट मिले वहीं 14 देशों ने मतदान मे भाग नहीं लिया। जर्मनी ने महासभा के अध्यक्ष पद के लिए शिमड को नामित किया था, लेकिन हाल मे हुए चुनाव मे देश के विदेश मामलों के प्रमुख के पद से बैरबॉक की हार के बाद उन्हें ही नामित किया। इस निर्णय की जर्मनी मे आलोचना भी की गई थी। जब 15 मई को बेयरबॉक अपनी उम्मीदवारी पर चर्चा करने के लिए महासभा के समक्ष उपस्थित हुईं तो संयुक्त राष्ट्र में रूस के उप राजदूत दिमित्री पोलियांस्की ने उन पर हमला बोलते हुए कहा था, ''सुश्री बेयरबॉक ने बार-बार अपनी अक्षमता, अत्यधिक पूर्वाग्रह और कूटनीति के बुनियादी सिद्धांतों की समझ नहीं होना साबित किया है।'' पोलियांस्की ने उन पर ''रूस विरोधी नीति'' अपनाने का आरोप लगाया साथ ही इस बात पर संदेह व्यक्त किया कि वह महासभा की अध्यक्ष के रूप मे ''शांति और वार्ता के हित मे कार्य करने मे सक्षम होंगी।''

## ऑफ बीट

### क्या एआई एक संज्ञानात्मक क्रांति को जन्म दे रही है?




कृत्रिम मेधा (एआई) की शुरुआत मानव मस्तिष्क का अनुकरण करने की खोज के रूप मे हुई थी। लेकिन अब यह हमारे दैनिक जीवन मे मानव मस्तिष्क की भूमिका को बदलने की प्रक्रिया मे है? औद्योगिक क्रांति ने शारीरिक श्रम की आवश्यकता को कम कर दिया था। अंतरराष्ट्रीय व्यापार मे एआई के अनुप्रयोग पर शोध करने वाले व्यक्ति के रूप मे मैं यह सोचने से खुद को नहीं रोक सका कि क्या एआई ज्ञान संबंधी क्रांति को बढ़ावा दे रही है या फिर ज्ञान संबंधी प्रक्रियाओं की आवश्यकता को समाप्त कर रही है क्योंकि एआई विद्यार्थियों, श्रमिकों और कलाकारों के लेखन, डिजाइन और निर्णय लेने के तरीके को नया आकार देती है। ग्राफिक डिजाइनर अपने ग्राहकों को अपने काम का नमूना दिखाने के लिए एआई का उपयोग करते हैं। बाजार मे मौजूद कंपनियां एआई निर्मित प्रोफाइल बनाकर इस बात की तसदीक करती हैं कि उनके विज्ञापन किस तरह काम करेंगे। सॉफ्टवेयर इंजीनियर एआई कोडिंग सहायकों से काम कराते हैं। छात्र रिकॉर्ड समय मे निबंध की तैयारी के लिए एआई का उपयोग करते हैं और शिक्षक प्रतिक्रिया देने के लिए इसी तरह के टूल का उपयोग करते हैं। आर्थिक और सांस्कृतिक निहितार्थ हैं ज्यादा क्या होगा, जब लेखक को सही वाक्य लिखने के लिए संघर्ष नहीं करना पड़ेगा।


## ट्रेंड

### रचनात्मक भूमिका को तैयार



अन्नालेना बारबॉक को संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष के रूप में चुने जाने पर बधाई। महासभा की महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए, भारत आपके नेतृत्व में साझा लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए रचनात्मक भूमिका निभाने के लिए तैयार है।
-एस जयशंकर, विदेश मंत्री

### बिना शर्त रिहाई का आह्वान



जून में यमन में हूथी अधिकारियों द्वारा राजनयिक मिशनों के दर्जनों कर्मियों को मनमाने ढंग से हिरासत में लिए जाने की घटना को एक साल हो गया है। मैं उनकी तत्काल और बिना शर्त रिहाई के लिए अपना आह्वान दोहराता हूं।
-एंटोनियो गुतारेस, यूएन महासचिव

### बीजेपी सिर्फ चुनाव लड़ेगी



भारतीय सेना पाकिस्तान से लड़ेगी। भारतीय सेना चीन से लड़ेगी। जनता अशिक्षा से लड़ेगी। बेरोजगारी से लड़ेगी। महंगाई से लड़ेगी। करोना से लड़ेगी। बीजेपी सिर्फ चुनाव लड़ेगी।
-संजय सिंह, आप नेता

### रोगियों के लिए अच्छी खबर



बिकारा ने सिर, गर्दन के कैंसर में फिसेराफुस्प अल्फा कीटुडा के लिए उत्तरजीविता डेटा प्रस्तुत किया: 21.3 महीने - 2 साल बाद गहरी और टिकाऊ प्रतिक्रिया अंतिम चरण के एचएनएससीसी रोगियों के लिए बहुत अच्छी खबर है।
-किरण मजूमदार-शॉ, उद्योगपति

रॉयल पत्रिका

# विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने अजमेर में विभिन्न विकास कार्यों का किया शुभारंभ

## -महिलाओं के लिए पिंक टॉयलेट एवं सड़क निर्माण कार्य की दी सौगात



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने शुक्रवार को अजमेर विधानसभा उत्तर क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों का शुभारंभ करते हुए कहा कि अजमेर को एक सुंदर, आधुनिक और विरासत संवर्धित स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित किया जा रहा है। इस क्रम में उन्होंने नया बाजार क्षेत्र में चूड़ी बाजार रोड पर महिलाओं की सुविधा के लिए निर्मित पिंक टॉयलेट का लोकार्पण किया। इसका निर्माण 21 लाख रुपए की लागत से किया गया है।

इस अवसर पर देवनानी ने कहा कि महिलाओं को खरीदारी के दौरान होने वाली असुविधा को ध्यान में रखते हुए यह पहल की गई है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विज़न का उल्लेख करते हुए कहा कि जिस कार्य का शिलान्यास करो, उसका लोकार्पण भी करो। उन्होंने बताया कि अजमेर में कैंसरगंज, पुरानी मंडी सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों पर भी पिंक टॉयलेट का निर्माण किया जा रहा है।

शिक्षा के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय कार्य किए जा रहे है। उन्होंने कहा कि युवाओं को रोजगार के लिए बाहर नहीं जाना पड़े। इसके लिए आईटी पार्क विकसित किया जाएगा। इससे टेक्नोक्रेट्स को स्थानीय स्तर पर अवसर मिलेंगे। साथ ही अटल आवासीय योजना भी जल्द ही प्रारंभ की जाएगी। उन्होंने कहा कि अजमेर स्मार्ट और हेरिटेज वैल्यू से समृद्ध शहर बनेगा।

देवनानी ने कहा कि आगामी वर्षा में जल भराव की समस्या को ध्यान में रखते हुए आनासागर झील तीन फीट खाली की गई है। इससे मिट्टी गाद, कीचड़ सहित अन्य गंदगी जमा हो गई है। उन्होंने बताया कि आगामी शनिवार को श्रमदान कर झील की मिट्टी व कचरा हटाने का कार्य किया जाएगा। इसमें आमजन की भागीदारी आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि गांधी भवन का उन्नयन कर वहां बहुमंजिला लाइब्रेरी का निर्माण किया जाएगा। इसमें वरिष्ठ नागरिकों, स्कूली छात्रों, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों और प्रोफेशनल्स के लिए अलग व्यवस्था होगी।

देवनानी ने कहा कि गुलामी के प्रतीकों को हटाकर ऐतिहासिक महापुरुषों के नाम पर स्थानों के नामकरण की प्रक्रिया जारी है। इसी क्रम में क्रिश्चियनगंज का नाम कृष्ण नगर किया जाएगा और एलिवेटेड रोड पर रामसेतु नामक बोर्ड लगाए जाएंगे।

कार्यक्रम के दौरान महापौर ब्रजलाता हाडा, उपमहापौर नीरज जैन, शहर अध्यक्ष रमेश सोनी सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

**वार्ड 16 में सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ—**

वासुदेव देवनानी ने वार्ड संख्या 16 के चटाई मोहल्ला क्षेत्र में 44 लाख रुपए की लागत से सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र आर्थिक व सामाजिक रूप से कमजोर तबकों का है। इन्हें मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता है।

उन्होंने कहा कि उत्तर विधानसभा क्षेत्र में करीब 50 करोड़ रुपए की लागत से सड़क निर्माण कार्य संचालित हैं और आगामी माह में 100 से अधिक सड़कों का शिलान्यास किया जाएगा। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की कि यदि उनके क्षेत्र में सड़क निर्माण की आवश्यकता हो तो सूचना दें। इससे उस पर कार्य किया जा सकेगा।

# जय मां दुर्गे गौशाला में पहुंचे हनुमान कटारिया रामकरण दास महाराज जी से लिया आशीर्वाद



**सादिक हिन्दस्तानी**

सांगानेर, (रॉयल पत्रिका)। ग्राम पंचायत हरसोलिया तहसील माधोराजपुरा जिला जयपुर राजस्थान में स्थित छोटा पुस्कर के नाम से मशहूर जय मां दुर्गे गौशाला की सुन्दरता को देख कर अच्छे-अच्छे लोग दांतों तले उंगलियां दबा लेते हैं। अर्थात उसकी सुंदरता से अच्छे-अच्छे लोग अभी भूत हो जाते है। मधु तंवर ने दी गई जानकारी के अनुसार श्री मानव हित सामाजिक सेवा संस्था के पदाधिकारी प्रदेश अध्यक्ष हनुमान सहाय कटारिया, असिस्टेंट बिग बॉस सद्दाम, प्रदेश मीडिया प्रभारी सादिक हिन्दस्तानी ने जय मां दुर्गे गौशाला के जुम्वेदारो से सोजन्य भेंट की एवं रामकरण दास महाराज से आगामी कुछ महीनों में सर्व समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित कराने के लिए आशीर्वाद प्राप्त किया। जय मां दुर्गे गौशाला के सदस्यों ने फूल माला एवं पट्टा दे कर श्री मानव हित सामाजिक सेवा संस्था के पदाधिकारीयों का स्वागत किया गया। साथ ही महाराज जी ने कहा कि आपकी संस्था बहुत अच्छा काम कर रहीं हैं। सर्व समाज के गरीब परिवार के बच्चे एवं बच्चीयों की शादी कराना पुण्य का काम है। जो करते रहना चाहिए। हमारा आशीर्वाद अच्छे कार्य के लिए एवं अच्छे लोगों के लिए हमेशा मिलता रहेगा। जय मां दुर्गे गौशाला के कर्मठ सदस्यों ने विश्वास दिलाया है कि आगामी कुछ दिनों में 108 जोड़ों का सर्व समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन का कार्यक्रम आयोजित कराने का प्रयास किया जाएगा। हमारे महाराज जी ने जो कह दिया है। वो अटल है। यह सम्मेलन हो के रहेगा। श्री मानव हित सामाजिक सेवा संस्था के प्रदेश अध्यक्ष हनुमान सहाय कटारिया ने सबका आभार व्यक्त किया और कहा कि संत महात्माओं का आशीर्वाद हमेशा मुझे प्राप्त होता रहा है।उन्हीं के आशीष से मेरी संस्था बड़े बड़े काम करने मे हमेशा सफल होती आ रही है। मुझे आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि आप लोगों ने जय मां दुर्गे गौशाला में 108 जोड़ों का जो लक्ष्य रखा है उसको जरुर हासिल करके रहेंगे। इस सुनहरे मौके पर रामकरण दास जी महाराज, पूर्व सरपंच मदनलाल राजवंशी, भगत सिंह सैनी, पूर्व सरपंच रामस्वरूप गोठवाल मोहनपुरा, डॉक्टर वेटनरी सत्यनारायण सैनी, राम कल्याण जाखड, प्रभु लाल मीणा, लक्ष्मी नारायण यादव, श्री मानव हित सामाजिक सेवा संस्था की उपाध्यक्ष मधु तंवर, गोपाल प्रजापत, हीरा देवी, किशन लाल सैनी आदि प्रमुख गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# ना नोटिस न बोर्ड नगर निगम प्रशासन का है फुल सपोर्ट

## डीसी की मेहरबानी से सफाई वाले बाबू निभा रहे हैं दो किरदार



**सादिक हिंदुस्तानी**

सांगानेर, (रॉयल पत्रिका)। नगर निगम ग्रेटर जयपुर जोन सांगानेर कार्यालय से तकरीबन 200 मीटर की दूरी पर एक फ्लैट का निर्माण चर्चाओं में बना हुआ है। मालपुरा गेट ताम्बी मेडिकल के पास बिना किसी वैधानिक नोटिस बोर्ड के, परमिशन है या नहीं पता नहीं ,यदि है तो रेजिडेंसीयल है या कमर्शियल, पता नहीं,नियम के मुताबिक निर्माण हो रहा है या नहीं, पता नहीं,शासन को राजस्व की हानी हो रही है या नही पता नहीं ,इस सब की जानकारी डीसी साहब से मांगी तो उन्होंने फोन नहीं उठाया कोई जवाब नहीं दिया। जेइएन से जानकारी मांगी तो उन्होंने नरेंद्र का नाम लिया जो की एक सफाई कर्मचारी है। यहां बताते चलें की सांगानेर नगर निगम में ऐसे कई लोग बाबू बनकर ऑफिस की शोभा बढ़ा रहे हैं। ना कोई कहने वाला ना कोई सुनने वाला अंधेर नगरी चौपट राजा की कहावत चरितार्थ हो रही है। आखिर क्यों चुप्पी सादे हैं ग्रेटर जयपुर महापौर एवं कमिश्नर। मीडिया द्वारा उठाई जा रही खबरों की आखिर क्यों नहीं हो रही है जांच। सूत्रों के मुताबिक सांगानेर जोन में सफाई कर्मचारी बना बाबू नरेंद्र से लेकर डीसी तक का है बोलबाला। आखिर मुख्यमंत्री की नगरी सांगानेर में लापरवाह अधिकारियों पर क्यों नहीं लग रही है लगाम। आमजन हो रहा है परेशान। क्या राजस्थान सरकार देगी ध्यान।

# सांगानेर की 430 साल पुरानी झूटन की एतिहासिक बावड़ी में हुआ श्रमदान



**सादिक हिन्दस्तानी**

सांगानेर, (रॉयल पत्रिका)। वंदे गंगा जल संरक्षण जन-अभियान के तहत सांगानेर की एतिहासिक झूटन की बावड़ी में जनप्रतिनिधियों ने किया श्रमदान। डिप्टी कमिश्नर की बेरुखी चर्चा में बनी रही। सांगानेर में सांगा सर्किल के समीप राज राजेश्वर महादेव मंदिर के पास स्थित झूठन की बावड़ी (430 वर्ष पुरानी) में पौधारोपण एवं साफ सफाई का विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह अभियान का उद्देश्य न सिर्फ जल स्रोतों का संरक्षण था बल्कि, जन भागीदारी को बढ़ावा देना भी एक मकसद था। इस पूरे कार्यक्रम में दिखावे का बोलबाला ज्यादा रहा। सेल्फी लेने की होड़ छोटे कार्यकर्ताओं से लेकर डिप्टी कमिश्नर तक लगी रही। जो दिन भर चर्चा का विषय बनी रही। इस कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश मीडिया प्रमुख प्रमोद वशिष्ठ, भाजपा के सांगानेर विधानसभा संयोजक एडवोकेट प्रकाश तिवाड़ी, मंडल अध्यक्ष सुनील शर्मा, पार्षद गिर्राज प्रसाद शर्मा, व्यापार महासंघ सांगानेर अध्यक्ष त्रिलोक चौधरी, समाजसेवी पीयूष बच्चानी, गुलाबचंद शर्मा, मनमोहन शर्मा एवं भाजपा कार्यकर्ता आदि शामिल हुए।

# स्मृति वन पार्क, विद्याधर नगर, सीकर रोड़ पर आयोजित किया गया तीसरा योग शिविर

## -प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, शहर जिलाध्यक्ष अमित गोयल ने भी किया गया योगाभ्यास



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। नगर निगम ग्रेटर द्वारा जयपुर योग महोत्सव-2025 के तहत लग रहे योग शिविरों के आयोजनों की श्रृखंला के अन्तर्गत गुरूवार को तीसरा योग शिविर स्मृति वन पार्क विद्याधर नगर सीकर रोड़ पर आयोजित किया गया जिसमें प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, जयपुर शहर जिला अध्यक्ष अमित गोयल, महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर सहित नगर निगम ग्रेटर चैयरमेन डॉ. मीनाक्षी शर्मा, पार्षद श्रीमती सुमन गुप्ता, दिनेश कॉवट, बाबूलाल शर्मा, भंवरलाल मालाकार, इंद्रप्रकाश धाभाई सहित जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

योग शिविर में प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने योगाभ्यास किया तथा योग के महत्व को साझा किया और "एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य" के संकल्प को वृक्षारोपण के माध्यम से साकार किया। योग और प्रकृति के संग जीवन को समर्पित करने की प्रेरणा दी साथ ही पर्यावरण सरंक्षण के लिए यज्ञ में भी आहूती दी।

पतंजलि योग समिति के महेन्द्र यादव, प्रकाश दास महाराज, क्रीडा भारती, गायत्री परिवार और ब्रहाकुमारी संस्थान सहित योगाचार्यो ने योग करवाये गये साथ ही योग करने के फायदे भी बताये। महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने बताया कि 11वें अन्तराष्ट्रीय योग दिवस की थीम YOGA for One Earth, One Health रखी गई है इसलिये योग को यज्ञ और पौधारोपण से जोड़ा गया है।

गौरतलब है कि नगर निगम ग्रेटर द्वारा 8 जून से प्रातः 6.00 बजे से विभिन्न स्थानों पर योग शिविर लगाये जा रहे है प्रथम शिविर झोटवाड़ा के बायोडायवर्सिटी पार्क में लगाया गया। दूसरा शिविर नगर निगम ग्रेटर मुख्यालय पर लगाया गया एवं तीसरा शिविर 12 जून को स्मृति वन सीकर रोड़ पर आयोजित किया गया। इसके बाद 13 जून को सिटी पार्क मानसरोवर में शिविर लगाया जायेगा। 14 एवं 15 जून को 30 घंटे अखंड योग का आयोजन हरिशचंद तोतुका भवन नारायण सिंह सर्किल किया जायेगा जिसमें 100 से अधिक संस्था भाग लेगी जिसमें योग के साथ अनवरत यज्ञ भी किया जायेगा जिससे पर्यावरण शुद्ध होगी।

# नगर निगम ग्रेटर सतर्कता शाखा की टीम द्वारा की गई कार्यवाही

## -31 हजार रुपये का किया कैरिंग चार्ज वसूल, 3 केन्टर सामान जब्त

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। नगर निगम ग्रेटर आयुक्त श्रीमती रूकमणि रियाड़ के निर्देशानुसार उपायुक्त सतर्कता अजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में गुरूवार को सतर्कता शाखा की टीम द्वारा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में न्यू सांगानेर रोड़ मानसरोवर, जनपथ लालकोठी मण्डी, प्रताप नगर बम्बाला, हल्दी घाटी मार्ग डी-मार्ट, इण्डिया गेट, बालाजी मोड़ सर्किल, दुर्गापुरा पुलिया के नीचे से अस्थाई अतिक्रमण को करने वालों के विरुद्ध 31 हजार रुपये का कैरिंग चार्ज वसूल कर 3 केन्टर सामान जब्त किया गया।

उपायुक्त सतर्कता अजय कुमार ने बताया कि नगर निगम ग्रेटर क्षेत्राधिकार में न्यू सांगानेर रोड़ मानसरोवर, जनपथ लालकोठी मण्डी, प्रताप नगर बम्बाला, हल्दी घाटी मार्ग डी-मार्ट, इण्डिया गेट, बालाजी मोड़ सर्किल, दुर्गापुरा पुलिया के नीचे से अस्थाई अतिक्रमण हटवाया गया। उपरोक्त कार्यवाही के दौरान 3 केन्टर सामान जब्त कर गोदाम में भिजवाया गया व अस्थाई अतिक्रमण करने वालों से मौके पर 31 हजार रुपये का कैरिंग चार्ज वसूल किया गया तथा दौरे के दौरान कार्यवाही सतर्कता टीम द्वारा मौके पर समझाइश करते हुए मौखिक पाबंद करवाया कि भविष्य में अस्थाई अतिक्रमण समय से हटा ले अन्यथा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में अवैध अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध भारी चालान या प्रभावी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

# अहमदाबाद प्लेन हादसे में मारे गए यात्रियों के लिए 2 मिनट का मौन धारण किया



मनोहरपूर, (रॉयल पत्रिका)। सामुहिक स्वाथ्य केंद्र मनोहरपूर में अहमदाबाद प्लेन हादसे में मारे गए यात्रियों के लिए 2 मिनट का मौन धारण किया। इस अवसर पर सीएससी मनोहरपुर डॉक्टर नरेंद्र बदलियां, डॉ. देवेंद्र शर्मा, दे उषा बाजिया, डॉ. माधुरी शर्मा, राजेंद्र मीणा, नवल असवाल, अरविन्द दादरवाल, रमेश चंद अटल एवं समस्त सीएससी स्टाफ उपस्तिथ थे।

# स्वरोजगार प्रशिक्षण शिविर का समापन 30 से ऊपर महिलाओं ने भरी सपनों की उड़ान



मनोहरपूर, (रॉयल पत्रिका)। इस कड़ी में सामाजिक कार्यों में सक्रिय संस्था फाउंडेशन द्वारा लगातार प्रशिक्षण शिविर चलाए जा रहे है इसी कड़ी में ज्ञानसरोवर स्कूल में नवंबर से लेकर फरवरी तक सिलाई प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया था। जिस में करीब 30 से ऊपर महिलाओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किए उसका आज समापन किया गया ये समापन दीप कोचिंग सेंटर पिपराली रोड में किया गया जिस में महिलाओं को डायरेक्टर एस एन चौधरी भाई सर ने सभी महिलाओं की प्रमाण पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया उन्होंने कहा कि महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने का संस्था का ये बहुत सार्थक प्रयास है। आगे भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित होते रहने चाहिए इस शिविर की प्रशिक्षक महिमा राठौड़ रही सहयोगी सुशीला खंडेलवाल माया झिकनरिया एडवोकेट पूजा शर्मा संतोष जांगिड़ इरफान खान रहे शिविर में पंकज कंवर हंसा कंवर सुशीला जाट रीना देवी बबिता सैनी सुनीता कुमारी सुष्मिता सैनी ललिता सैनी सुमन कंवर अन्नू कंवर ने अपना सम्मान प्राप्त किया। संस्था एडमिन ने सभी पधारी हुई मातृशक्ति का आभार व्यक्त किया और कहा कि महिला सशक्तिकरण का अर्थ महिलाओं की सामाजिक और आर्थिक स्थिति में सुधार लाना है ताकि उन्हें रोजगार, शिक्षा, आर्थिक तरक्की के बराबरी के मौके मिल सके, जिससे वह सामाजिक स्वतंत्रता और तरक्की प्राप्त कर सकें । यह वह माध्यम है, जिसके द्वारा महिलाएँ भी पुरुषों की तरह अपनी हर आकांक्षा को पूरा कर सकें।

# बिग बॉस सद्दाम ने श्री मानव हित सामाजिक सेवा संस्था की ब्रांच टोंक में की स्थापित



सांगानेर, (रॉयल पत्रिका)। गरीबों का मसीहा नाम से मशहूर श्री मानव हित सामाजिक सेवा संस्था के बढ़ते कदम अभियान के तहत नबावों की नगरी टोंक में संस्था के असिस्टेंट बिग बॉस सद्दाम ने ब्रांच स्थापित कर कैलाश बाबू महावर को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। इस सुनहरे अवसर पर बिग बॉस सद्दाम, रमेश महावर ,रमेश चंद्र, अशोक कुमार ,असलम, राजेंद्र, विजय ग्वाला, राजेंद्र ग्वाला गणेश, धर्मराज आदि मौजूद रहे।

# बुझी हुई उम्मीदों का सहारा है कुड़ी साहब



मनोहरपूर,(रॉयल पत्रिका)। एडवोकेट मोहन लाल कुड़ी कर्तव्यनिष्ठ परिश्रमी ईमानदार दयालु सबको खुश रखने वाले सबका ख़्याल रखने वाले अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के चेहरे पर ख़ुशी लाने वाले सबके दुःख दर्द में काम आने वाले दिल के बहुत बड़े अमीर है। ईनके दरबार में जो भी आता है खाली हाथ नहीं जाता है यह मायूस लोगों को खुश करके भेजते हैं इनके दर पर जाकर खुशी पाने वाले लोगो के मुख से यही स्वर निकलते है कि कुड़ी साहब बुझी हुई उम्मीदों का सहारा है। उल्लेखनीय है कि कुड़ी साहब ने वृक्षारोपण के लिए 30 हजार दे चुके है। इसके बाद ग़रीब लड़कियों की शादी में 51 हजार रुपए भी दे चुके है। कुड़ी साहब ने विद्युत विभाग में कूलर देकर तेज गर्मी में बहते हुए पसीने में कार्य करने वाले कर्मचारियों को राहत पहुचाई है।

# जल संसाधन मंत्री ने अजमेर सर्किट हाउस में जनसुनवाई की

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। अजमेर स्थित सर्किट हाउस में राजस्थान के जल संसाधन मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक सुरेश सिंह रावत ने आमजन की जनसुनवाई करते हुए विभिन्न समस्याओं व जनहित के मुद्दों को गंभीरतापूर्वक सुना तथा संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए।

जनसुनवाई के दौरान नागरिकों ने मंत्री रावत के समक्ष अपनी विभिन्न प्रकार की समस्याएं, शिकायतें एवं मांगें रखीं। इनमें जलापूर्ति, सिंचाई व्यवस्था, राजस्व प्रकरण, सड़क मरम्मत, पेंशन, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, भूमि आवंटन एवं अन्य विभागीय विषयों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए गए।

मंत्री रावत ने प्रत्येक फरियादी से व्यक्तिगत संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं का गहन अवलोकन किया और संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनकल्याण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा प्रत्येक व्यक्ति की समस्या का समाधान शीघ्रता व पारदर्शिता के साथ किया जाएगा।

रावत ने कहा कि राज्य सरकार जनसेवा के भाव से प्रदेशवासियों के जीवन स्तर को ऊँचा उठाने हेतु सतत प्रयासरत है। उन्होंने उपस्थित नागरिकों को विश्वास दिलाया कि प्रदेश सरकार आमजन की हर समस्या के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## आवश्यक नम्बर

रॉयल पत्रिका

**बिजली फॉल्ट के लिए**

| | |
|---|---|
| टोल फ्री नंबर | 18001806507 |
| वॉट्सएप नंबर | 9414037085 |
| कस्टमर केयर | 2203000 |
| आईवीआरएस | 1912 |

**कचरा गाड़ी के लिए**

| | |
|---|---|
| ग्रेटर | 2747400 |
| सीवरेज लीकेज | 2607500 |
| हैरिटेज | 2607500 |
| टोल फ्री नंबर | 14420 |

**पुलिस की मदद के लिए**

| | |
|---|---|
| साइबर क्राइम | 1930/2360094 |
| कंट्रोल रूम | 2388435/36/37/38 |
| ट्रैफिक कंट्रोल रूम | 2565630 |
| चाइल्ड हेल्पलाइन | 1098 |
| महिला हेल्पलाइन | 1090 |
| मुख्यमंत्री पोर्टल | 181 |

**पानी के लिए**

| | |
|---|---|
| जलदाय कार्यालय | 2706624 |
| फायर ब्रिगेड | 2747400 |

**मेडिकल इमरजेंसी के लिए**

| | |
|---|---|
| एंबुलेंस | 102/108 |
| एसएमएस इमरजेंसी | 2518333 |
| महिला चिकित्सालय | 22610616 |
| जनाना हॉस्पिटल | 22378721 |
| SDMH | 22574189 |
| SMS ब्लड बैंक | 22518222 |
| कल्याण ब्लड बैंक | 22721771 |

**घायल पशुओं के लिए**

| | |
|---|---|
| नगर निगम | 2747400 |
| बर्ड बाइक | 9887345580 |
| हेल्प इन सफरिंग | 8107299711 |
| जनमंच ट्रस्ट | 7230055800 |
| पशु चिकित्सालय | 2747400 |

# नशा मुक्त भारत अभियान का आगाज

## -जिला कलक्टर ने किया जागरुकता पोस्टर का विमोचन

सवाई माधोपुर, (रॉयल पत्रिका)। अन्तर्राष्ट्रीय नशामुक्ति दिवस के उपलक्ष्य में "नशा मुक्त भारत अभियान" के अंतर्गत गुरुवार को जिला कलक्टर शुभम चौधरी, अतिरिक्त जिला कलक्टर संजय शर्मा, उप निदेशक मीना आर्य, सहायक जनसम्पर्क अधिकारी सुरेन्द्र कुमार मीणा ने जागरूकता पोस्टर का विमोचन किया। इस अवसर पर उन्होंने आमजन, विशेषकर युवाओं से इस अभियान में सक्रिय रूप से भागीदारी निभाने की अपील की।



जिला कलक्टर ने कहा कि नशे की लत केवल एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज की समस्या है। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे नशे से दूर रहते हुए अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाएं और दूसरों को भी इसके दुष्परिणामों से आगाह करें।

उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ, सशक्त और जागरूक समाज का निर्माण तभी संभव है जब हम नशे जैसी बुराइयों से मुक्ति पाएं।

विमोचित पोस्टर में नशे के विभिन्न प्रकार, उनके दुष्परिणाम तथा उससे बचने के उपायों को चित्रात्मक रूप में दर्शाया गया है। इन पोस्टरों को जिले के सार्वजनिक स्थलों, शैक्षणिक संस्थानों एवं सामुदायिक केंद्रों पर प्रदर्शित किया जाएगा ताकि अधिक से अधिक लोगों तक जागरूकता का संदेश पहुंचे।

जिला कलक्टर ने जानकारी देते हुए बताया कि 26 जून को अन्तर्राष्ट्रीय नशामुक्ति दिवस के अवसर को प्रभावी ढंग से मनाने हेतु जिले में जन-जागरूकता गतिविधियों की श्रृंखला आयोजित की जाएगी। इस हेतु विभिन्न विभागों को उनकी भूमिका के अनुरूप जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

अभियान के अंतर्गत 12 जून को पोस्टर एवं प्रचार सामग्री का विमोचन और वितरण, 16 जून को प्रमुख स्थलों पर नुक्कड़ नाटक, फ्लैश मॉब, ड्राईव और नशा मुक्ति नारों एवं बैनर के साथ जनजागरूकता रैलियां, 18 जून को शैक्षणिक संस्थानों एवं कोचिंग सेंटर्स में नशामुक्ति विषयक सेमिनार आयोजित होंगे।

इसके अतिरिक्त 19 जून को प्रतिष्ठित व्यक्तियों, धर्मगुरुओं, योग साधकों, प्रशासनिक अधिकारियों, लोक कलाकारों एवं गणमान्य नागरिकों की सहभागिता में नशामुक्ति शपथ कार्यक्रम आयोजित होगा। 21 जून को योग दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य केंद्रों एवं संगठनों के सहयोग से योग-ध्यान शिविर लगाए जाएंगे। 22 से 24 जून तक जिले के हॉटस्पॉट यथा रेल्वे स्टेशन, बस स्टैण्ड, कच्ची बस्ती आदि स्थानों पर जनजागरूकता गतिविधि का आयोजन कराया जाएगा। 23 जून को एनएमबीए प्रचार वाहनों के माध्यम से गांव और शहरों में व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाया जाएगा, वहीं 26 जून को वॉकाथन, मिनी मैराथन, बाइक/साइकिल रैली एवं जिला स्तरीय नशामुक्ति सेमिनार एवं कार्यशाला का आयोजन होगा।

उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे इस अभियान में सहभागी बनकर एक स्वस्थ, सशक्त और नशा मुक्त समाज के निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं।

# पूर्व विधायक रामलाल शर्मा के प्रयासों से पिछले 30-35 वर्षों से बंद पड़ा रास्ता खुलवाया

## -अब आलीसर से कुमावतपुरा से वाया काला की स्कूल सीतारामपुरा, चारणवास कांकड़ तक का रास्ता ग्रामीणों की सहमति खुला

चौमूं, (रॉयल पत्रिका)। भगवान सहाय यादव - सोचते रहने से मंजिल कभी मिलती ही नहीं चलते जाओ रास्ते से रास्ता मिल ही जाएगा"यह कहावत"ग्राम पंचायत आलीसर से चरितार्थ हुई है।



चौमूं पूर्व विधायक रामलाल शर्मा के प्रयासों ग्राम पंचायत आलीसर के ही ग्राम कुमावत पुरा से वाया कल की स्कूल सीतारामपुरा चारणवास कांकड़ तक का रास्ता 30 -35 वर्षों से बंद पड़े रास्ते को ग्रामीणों की ग्रामीणों की आपसी सहमति से खोला गया। इस रास्ते से खुलने से सैकड़ो गांवों से सीधा संपर्क जुड़ जाएगा। उक्त सड़क से खुलने आलीसर होते हुए जोबनेर रेनवाल, बधाल - चौंमु फोरलेन मार्ग से जुड़ जाएगा तथा ग्राम पंचायत नांगल गोविंद से तातेडा से एन . एच. 52सेजुड जानूस से ग्राम वासियों को अब आवागमन से अच्छी सुविधा मिलेगी। आलीसर से कुमावतपुरा से काला की स्कूल सीतारामपुरा चारणवास कांकड़ तक जाने वाला रास्ता पिछले 30 -35 वर्षों से उच्च अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को लिखित मौखिक कई बार अर्जी लगा चुके लेकिन हमारी कोई सुनाई नहीं होने पर हम निराश होकर बैठ गए, इसको लेकर फिर से ग्रामीणों ने एक कदम उठाया की भाजपा सरकार में रास्ता खोलो अभियान के तहत अपना रास्ता खुल सकता है इसको लेकर चौंमू के पूर्व विधायक रामलाल शर्मा से अर्जी लगाई हमारी अर्जी की सफलता मिली और हमारे को आश्वासन दिया आखिर में हमारा रास्ता खुल ही गया। इस मौके पर पूर्व विधायक रामलाल शर्मा को रास्ते खुलते ही ग्रामीणों ने 35 किलो की माला व साफा बंधवाकर लड् खिलाकर साधुवाद को धन्यवाद दिया। इस मौके पर तहसीलदार विजय पाल बिश्नोई, गोविंदगढ़ के प्रधान रामस्वरूप यादव, कालाडेरा के भाजपा मंडल अध्यक्ष लालचंद यादव, बंशीधर निठारवाल, रामकिशोर जांगिड़, हल्का के गिरदावर मथुरा प्रसाद यादव, बाबूलाल बुनकर, राम सिंह, जगदीश प्रसाद, गणपत लाल निठारवाल, लादूराम यादव, सहित सैकड़ो की संख्यामें ग्रामीण उपस्थित रहे ।

# पीड़ित प्रतिकर मीटिंग का आयोजन कर पीडितों को 7.50 लाख रुपये की प्रतिकर राशि प्रदान करने के दिये आदेश



प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर के तत्वाधान में शुक्रवार को देवेन्द्र दीक्षित, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) सवाई माधोपुर की अध्यक्षता में पीड़ितों को प्रतिकर राशि दिलवाये जाने हेतु जिला प्राधिकरण के पदेन सदस्यगण के साथ मीटिंग का आयोजन किया गया।

पीड़ित प्रतिकर स्कीम के तहत लंबित अंतिम स्तर के पांच प्रकरणों में प्रार्थना पत्रों पर विचार-विमर्श किया गया। जिसमें समिति द्वारा जीवन हानि (हत्या) के अंतिम स्तर के एक प्रार्थना पत्र में सर्वसम्मति से 5 लाख रूपये एवं एक प्रार्थना पत्र में 2.50 लाख रूपये प्रतिकर के रूप में स्वीकृत किये जाने के आदेश दिये गए। इस प्रकार सर्वसम्मति से कुल दो प्रकरणों में कुल 7,50,000 रूपये (अक्षरे सात आदेश प्रदान किये गये।

साथ ही अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी की बैठक का आयोजन कर न्यायिक अभिरक्षा में निरूद्ध बंदियों के संबंध में प्रगति रिपोर्ट एवं बंदियों के जमानत प्रार्थना-पत्रों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में न्यायाधीश मोटर वाहन दुर्घटना दावा अधिकरण सुन्दर लाल बंशीवाल, विशिष्ट न्यायाधीश एससी/एसटी न्यायालय असीम कुलश्रेष्ठ, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण समीक्षा गौतम, अतिरिक्त जिला कलेक्टर सवाई माधोपुर संजय शर्मा, पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता, अध्यक्ष बार एसोशिएसन उमाशंकर शर्मा, लोक अभियोजक जितेन्द्र शर्मा, चीफ लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल राधेश्याम जोगी, उपाधीक्षक जिला कारागृह महावीर प्रसाद मीना उपस्थित रहे।

# डॉ. खानू खां बुधवाली का एक दिवसीय सवाई माधोपुर दौरा



सवाई माधोपुर, (रॉयल पत्रिका)। वक्फ बोर्ड चेयरमैन डॉ. खानू खां अपने निजी कार्य से एक दिवसीय दौरे पर बाघों की नगरी रहे। इस दौरान उन्होंने अपने सबसे करीब खलिल अहमद पूर्व संयोजक अल्पसंख्यक विभाग राज.के घर पर रेस्ट किया ओर राजनीति गतिविधियों की चर्चा की।

# देवेन्द्र दीक्षित अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने राजकीय सम्प्रेक्षण एवं किशोर गृह का निरीक्षण कर जांची व्यवस्थाएं

सवाईमाधोपुर, (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार गुरुवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर के अध्यक्ष देवेन्द्र दीक्षित द्वारा राजकीय संप्रेक्षण एवं किशोर गृह सवाई माधोपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कुल 13 बाल अपचारी उपस्थित रहे।



देवेन्द्र दीक्षित द्वारा राजकीय सम्प्रेक्षण गृह में निरूद्ध बाल अपचारियों के अध्ययन, उनको मिलने वाली मूलभूत सुविधाएं, शौचालय एवं स्नानघर की साफ-सफाई आदि के जानकारी ली गई। इस दौरान उन्होंने रसोईघर सहित लाईब्रेरी का भी निरीक्षण किया। देवेन्द्र दीक्षित द्वारा बाल अपचारियों को अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिये अपराधों से दूर रहने के लिये प्रेरित किया गया।

राजकीय सम्प्रेक्षण एवं किशोर गृह के अधीक्षक विमलेश कुमार को बाल अपचारियों के सुधार हेतु कार्य करने एवं उनके स्किल डवलपमेन्ट पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। साथ ही बाल अपचारियों को रचनात्मक एवं उपयोगी किताबें उपलब्ध करवाने के संबंध में निर्देश दिए, देवेन्द्र दीक्षित ने बताया कि इससे बाल अपचारियों में पढ़ने और सोचने की क्षमता का विकास होगा एवं बाल अपचारियों के सुधार में मदद मिलेगी। इस दौरान देवेन्द्र दीक्षित द्वारा राजकीय सम्प्रेक्षण गृह में निरूद्ध बाल अपचारियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं के बारे में पूछताछ की गई। सम्प्रेक्षण एवं किशोर गृह की साफ-सफाई व्यवस्था एवं उनको मिल रही सुविधाओं के प्रति बाल अपचारियों द्वारा संतोष व्यक्त किया गया। देवेन्द्र दीक्षित द्वारा सम्प्रेक्षण एवं किशोर गृह की व्यवस्थाओं एवं सुधारात्मक प्रयासों की सराहना की गई तथा उसे और भी बेहतर करने की दिशा में सुझाव दिए गए। इस दौरान सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण समीक्षा गौतम, प्रिंसीपल मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड अंकिता सिंहल, काउंसलर गिर्राज प्रसाद शर्मा, न्यायमित्र नंदकिशोर बैरवा एवं तपेश जैन आदि उपस्थित रहे।

# यादव समाज के नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष डॉक्टर जगदीश यादव को बनने पर समाज के लोगों ने जगह-जगह सम्मानित किया

चौमूं, (रॉयल पत्रिका)। भगवान सहाय यादव - यादव समाज के नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष डॉक्टर जगदीश प्रसाद खातोदिया बनने पर समाज बंधुओ ने चौमूं तहसील में , गोविंदगढ़, दूदू , भन्दे के बालाजी, चाकसू सहित आसपास के समाज के बंधुओ ने निर्वाचित अध्यक्ष का साफा व माल्यार्पण कर स्वागत व सम्मानित किया जा रहा है । इस मौके पर डॉक्टर जगदीश यादव ने समाज के बांधों को कहा कि समाज में जब भी कहीं पर भी जरूरत पड़ेगी तो मैं आपको हर समस्या व मदद के लिए हल करने में खड़ा मिलूंगा और समाज के लोगों को साथ लेकर चलूंगा। भन्दे बालाजी व दूदू से विश्व परिषद के महामंत्री मोहनलाल यादव एवं यादव समाज कि लोगों के सानिध्य में सम्मान में स्वागत किया गया। चौमूं के यादव छात्रावास के छात्राओं ने डॉक्टर यादव का भव्य स्वागत किया गया । इस अवसर पर गोविंदगढ़ पंचायत समिति के यादव समाज के वरिष्ठ नेता भैरू राम यादव के सानिध्य सम्मान और स्वागत किया गया । इस अवसर पर घासीलाल, राजेंद्र, भींवाराम ठोठवाल , प्रकाश बाडीगर, हरि बिछवा लिया , पूर्व सरपंच नंद किशोर यादव, कैलाश चंद , बंशीधर खैरवाल, ने भी अन्य समाज के लोगों ने जगह-जगह पर सम्मान व स्वागत किया जा रहा है।



# मानस अभियान और नार्को कॉर्डिनेशन सेंटर की राज्य स्तरीय समिति की बैठक

## -26 जून को अंतराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस पर होंगे कार्यक्रम




हनुमानगढ़, (रॉयल पत्रिका)। जिला कलेक्टर काना राम की अध्यक्षता में मानस अभियान एवं नार्को कॉर्डिनेशन सेंटर की राज्य स्तरीय समिति की बैठक आयोजित हुई। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला एवं उपखंड स्तरीय अधिकारियों जुड़े। बैठक में नशा मुक्ति और मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित विभिन्न पहलुओं की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने अधिकारियों को कई महत्त्वपूर्ण निर्देश जारी किए।

जिला कलेक्टर ने मानस अभियान के तहत सभी स्तरों पर अधिकाधिक लोगों को ई-शपथ दिलवाने के निर्देश दिए और कहा कि अभियान को जनआंदोलन का रूप दें।

जिला कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को कहा कि नियमित रूप से नशा मुक्ति केंद्रों एवं मनोचिकित्सक क्लीनिकों का निरीक्षण करें। अनियमितता पाए जाने पर केंद्रों पर सख्त कार्यवाही की जाए। ऐसे केंद्र जहां डॉक्टर उपलब्ध नहीं हैं, उन्हें तत्काल बंद करने के निर्देश दिए। बिना लाइसेंस के चल रहे केंद्रों को भी तत्काल बन्द के निर्देश दिए। 26 जून तक एसडीएम और डीएसपी को संयुक्त टीमों द्वारा निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया।

**नशा मुक्ति काउंसलिंग शिविरों के निरीक्षण के निर्देश**

जिला कलेक्टर ने नशा मुक्ति हेतु आयोजित किए जा रहे काउंसलिंग शिविरों का नियमित निरीक्षण सुनिश्चित करने प्रत्येक शिविर की ग्राम स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार करने व लोगों को नशा छोड़ने हेतु प्रेरित करने के निर्देश दिए गए।

**नशा मुक्त ग्राम पंचायतों के चिह्निकरण के निर्देश**

सभी उपखंड अधिकारी, बीडीओ एवं ईओ को निर्देश दिए गए कि वे अपने क्षेत्रों में नशा मुक्त ग्राम पंचायतों एवं वार्डों को चिन्हित कर उसकी सूचना भिजवाए। जिन ग्राम पंचायतों में 5 से कम मेडिकल/चिट्टा नशे के मरीज हैं, उनके प्रस्ताव ग्रामसभा से पास करवाकर जिला परिषद को भेजने के निर्देश दिए। जिले की सभी ग्राम पंचायतों में नियमित सांयकालीन खेल गतिविधियाँ आयोजित करने के निर्देश दिए गए। प्रत्येक ब्लॉक में इंचार्ज अधिकारी नियुक्त किए जाएंगे जो ग्राम पंचायतों का भ्रमण कर खेल आयोजन की निगरानी करेंगे।

**26 जून, अंतराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस पर विशेष आयोजन**

अंतराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस पर जिला, ब्लॉक व ग्राम पंचायत स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान रैली/मैराथन दौड़ आयोजित की जाएगी। हर पंचायत में कार्यशालाए, हेल्पलाइन नंबर 1933 के प्रचार प्रसार और नारा लेखन के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक हरी शंकर ने बताया कि नशे की अवैध गतिविधियों की सूचना देने के लिए एक दूरभाष नंबर जारी किया गया है, जिससे आमजन प्रशासन को सहयोग कर सकते है।बैठक में सभी जिलास्तरीय अधिकारी, उपखंड अधिकारी, बीडीओ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित रहे।

# रोहट के चौराई क्षैत्र में भयंकर पेयजल संकट - जागरवाल

## -जिला कलेक्टर से टैंकर बढ़ाने की मांग

## -कबोईयों भीलों की ढाणी के लोग खारा पानी पीने को मजबूर

पाली, (रॉयल पत्रिका)। राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के जिलाध्यक्ष एवं पाली विधायक प्रतिनिधि मदनसिंह जागरवाल ने पिछले 3 दिन से रोहट के चौराई क्षेत्र का दौरा कर जिला कलेक्टर, पाली को ज्ञापन देकर रोहट के चौराई क्षेत्र के अन्तिम गांवों, व ढाणियों में अधिक टैंकर के फैरे बढ़ाकर पेयजल का समाधान करने की मांग की।



जागरवाल ने ज्ञापन में बताया कि कुलथाना ग्राम पंचायत के केशव नगर में अपर्याप्त पानी के कारण भयंकर पेयजल संकट है। लोग गांव के पीछे खारे पानी के कुऐं से पानी लाने को मजबूर है। इसी प्रकार चेण्डा ग्राम पंचायत के कबोईयों भीलों की ढाणी में पिछले ढाई साल से पाईप लाईन होने के बावजूद एक बून्द पानी उन भील बस्ती के लोगों को नहीं मिल रहा है। मजबूरन खेतों में खड्डे खोद कर खारा पानी पीने को मजबूर हो रहे है। इन एस टी परिवार के लोगों के प्रति 5 दिन में एक टैंकर पानी उपलब्ध करवाया जाये। गेलावास पंचायत के पांच पदरिया गांव में तालाब में पानी खारा होने के कारण व सिराणा से पांच पदरिया डी आई पाईप लाईन का कार्य समय पर नहीं होने के कारण भयंकर पेयजल संकट चल रहा है। विधायक भीमराज भाटी द्वारा डी आई पाईप लाईन में अपने कोष से 30 लाख स्वीकृत करने के बावजूद विभाग की उदासीनता के कारण पाईप लाईन नहीं बिछा पाये। पांच पदरिया में विभाग की ओर से रोजाना एक टैंकर पशुधन के लिये भेजा जा रहा है जो अपर्याप्त है। इसी प्रकार मुरड़िया में तोरणेश्वर महादेव की गौशाला के पशुओं को छोड़ दिया गया है उसके कारण मुरड़िया में भयंकर पेयजल संकट उत्पन्न हो गया है। यहां पर भी विभाग द्वारा प्रतिदिन एक टैंकर पशुओं के लिये भेजा जा रहा है उसकी जगह प्रतिदिन 2 टैंकर भेजकर इस संकट को कम किया जाये।

जागरवाल ने जिला कलेक्टर से पुरजोर मांग की है कि कुलथाना के केशव नगर, पांच पदरिया एवं मुरडिया में एक टैंकर की जगह 2 टैंकर किये जाये तथा चेण्डा के कबोईयां भीलों की ढाणी में प्रति 5 दिन में एक टैंकर की व्यवस्था करने के शीघ्र आदेश प्रदान करें इस बाबत पाली विधायक भीमराज भाटी को भी दूरभाष पर केरल प्रदेश के कालीकट में क्षैत्र की स्थिति से अवगत कराया है।

# 'वंदे गंगा' जल संरक्षण-जन अभियान

## -प्रभारी मंत्री गौतम कुमार दक ने लक्ष्मीपुरा में किया तालाब का निरीक्षण, पौधारोपण भी किया



**शब्बीर हुसैन**

कोटा, (रॉयल पत्रिका)। 'वंदे गंगा' जल संरक्षण-जन अभियान पखवाड़े के अंतर्गत शुक्रवार को कोटा जिले के प्रभारी एवं सहकारिता मंत्री गौतम कुमार दक ने शुक्रवार को सांगोद उपखंड की कुराडिया ग्राम पंचायत के लक्ष्मीपुरा गांव में अटल भूजल योजना के तहत 1.40 करोड़ की लागत से निर्मित तालाब का निरीक्षण किया। दक ने तालाब की डाउन स्ट्रीम में वृक्षारोपण भी किया।

इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ने कहा कि जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने में वंदे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान एक प्रेरणादायक पहल है। उन्होंने इस पहल के लिए मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा को धन्यवाद दिया और कहा कि मुख्यमंत्री ने बावड़ियों,तालाबों, बांधों एवं अन्य जल स्रोतों की सफाई और उनके संरक्षण की दिशा में भागीरथी प्रयास शुरू किए हैं। उनके प्रयासों को हमें आगे बढ़ाना है।

**अभियान से जागृत होगी सामूहिक जन चेतना**

प्रभारी मंत्री दक ने कहा कि स्वच्छ जल स्रोतों के पुनरुद्धार एवं संरक्षण की दिशा में इस अभियान से सामूहिक जन चेतना जागृत होगी। उन्होंने वंदे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान को जन आंदोलन बनाने का आह्वान किया उन्होंने कहा कि पानी की एक-एक बूंद कीमती है। पानी के बिना हम जीवन की कल्पना नहीं कर सकते। इसे पैदा नहीं किया जा सकता इसलिए इसे सुरक्षित करके ही बचाया जा सकता है। प्रभारी मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार के इस पुनीत कार्य को आगे बढ़ते हुए हम सभी को अपने-अपने क्षेत्र में जल स्रोतों को सुरक्षित करना होगा।

**जल एवं वृक्ष बचाने का दिया संदेश**

प्रभारी मंत्री ने वहां उपस्थित लोगों को जल एवं वृक्ष बचाने का संदेश दिया। इस अवसर पर जिला प्रमुख मुकेश मेघवाल, सांगोद प्रधान जयवीर सिंह, जिला कलेक्टर डॉ रविंद्र गोस्वामी, सीईओ जिला परिषद राजपाल सिंह, अधीक्षण अभियंता जल संसाधन आर के जैमिनी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। प्रभारी मंत्री दक ने पंचायत समिति सांगोद के कोटड़ी ग्राम सेवा सहकारी समिति का भी निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान के माध्यम से सीधे किसानों तक तकनीक व विभागीय योजना की दी जानकारी

चौमूं, (रॉयल पत्रिका)। भगवान सहाय यादव - ग्राम पंचायत सान्नदसंर और आलीसर निकटवर्ती ग्राम जालिम सिंह का बास , कुंभा का बास सहितो मैं विकसित कृषि संकल्प अभियान के माध्यम से सीधे किसानों से रूबरू हो कर नई कृषि तकनीकी व कृषि विभाग की योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। इस मौके पर कृषि विज्ञान केंद्र, चौंमूं एवं कृषि विभाग के अधिकारियोंव कृषि विभाग से डॉ कृष्णा यादव , ए ए कृषि पर्यवेक्षक सान्दसंर नरेंद्र सिंह नाथावत , पुष्पा कुमावत ने कृषि विभाग की योजनाओं की व जैविक खेती और प्राकृतिक खेती के बारे में दी जानकारी । विभाग से सहायक कृषि कृषि अधिकारी चौमूं से शिवकुमार पारीक ने उद्यान विभाग की योजनाओं के बारे में भी विस्तार से किसानों को समझाया गया। इस मौके पर आलीसर प्रशासक सरपंच पर्व नारायण यादव , सान्नदसंर प्रशासन सरपंच एवं कृषक किसान सहित सीताराम केशवा अन्य किसान उपस्थित रहे।



### आईसीआईसीआई बैंक और टाटा मेमोरियल सेंटर ने विशाखापट्टनम में

# उन्नत कैंसर केयर ब्लॉक की आधारशिला रखी

● आईसीआईसीआई बैंक ने शहर में कैंसर देखभाल सुविधा का विस्तार करने के लिए टाटा मेमोरियल सेंटर को ?550 करोड़ से अधिक की राशि देने की प्रतिबद्धता जताई ● बैंक द्वारा टाटा मेमोरियल सेंटर को दिए गए 1,800 करोड़ के योगदान के तहत, यह ब्लॉक पूर्वी भारत में बाल और रक्त कैंसर के उपचार के लिए सबसे बड़ी सुविधाओं में से एक होगा

**विशाखापट्टनम , एजेंसी।** आईसीआईसीआई बैंक ने टाटा मेमोरियल सेंटर के साथ साझेदारी में आज विशाखापट्टनम, आंध्र प्रदेश स्थित होमी भाभा कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र में एक नए भवन के निर्माण की शुरुआत की घोषणा की। बैंक ने लगभग 3.9 लाख वर्गफुट क्षेत्र में अत्याधुनिक चिकित्सा तकनीक से युक्त भवन के निर्माण के लिए ?550 करोड़ से अधिक की राशि समर्पित की है।

निर्माणाधीन आठ मंज़िला भवन – आईसीआईसीआई फाउंडेशन ब्लॉक फॉर चाइल्ड एंड ब्लड कैंसर – प्रति वर्ष लगभग 3,000 मरीजों का उपचार करेगा। वर्तमान में एचबीसीएचआरसी, विशाखापट्टनम की क्षमता 6,200 मरीजों की है।

यह नया भवन पूर्वी भारत के सबसे बड़े विशेषीकृत कैंसर उपचार केंद्रों में से एक होगा, जिसमें 215 से अधिक बेड होंगे। इसके 2027 तक पूर्ण होने की संभावना है, जो अनुमोदनों के अधीन है। इस परियोजना का संचालन आईसीआईसीआई बैंक की सीएसआर शाखा, आईसीआईसीआई फाउंडेशन फॉर इनक्लूसिव ग्रोथ द्वारा किया जाएगा।




इस भवन की आधारशिला आईसीआईसीआई बैंक के चेयरमैन श्री प्रदीप कुमार सिन्हा ने रखी। इस अवसर पर श्री संदीप बत्रा, कार्यकारी निदेशक, आईसीआईसीआई बैंक; और डॉ. सुदीप गुप्ता, निदेशक, टाटा मेमोरियल सेंटर, मुंबई भी उपस्थित थे।

श्री सिन्हा ने अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में एन.के. राव ऑडिटोरियम का भी उद्घाटन किया। आईसीआईसीआई फाउंडेशन ने नए ऑडिटोरियम के लिए बुनियादी ढांचे और उपकरणों के साथ टीएमसी को सपोर्ट दिया है।

आईसीआईसीआई बैंक के चेयरमैन श्री प्रदीप कुमार सिन्हा ने कहा, हमें कैंसर देखभाल के लिए टीएमसी के साथ साझेदारी करने पर गर्व है, जो देश में महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवा बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की हमारी फिलोस्फी के अनुरूप है। यह परियोजना जरूरतमंद व्यक्तियों के लिए सुलभ और उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा देखभाल को सक्षम करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह प्रोजेक्ट बाल और रक्त कैंसर के लिए पूर्वी गलियारे में सबसे बड़े प्रोजेक्ट में से एक है। इसके जरिये आंध्र प्रदेश और आसपास के पूर्वी राज्यों के रोगियों की सेवा की जाएगी, जिससे कैंसर के इलाज की बढ़ती जरूरत को पूरा करने में मदद मिलेगी। इस अवसर पर, आईसीआईसीआई बैंक के कार्यकारी निदेशक श्री संदीप बत्रा ने कहा, आईसीआईसीआई बैंक में, स्वास्थ्य सेवा हमारे सीएसआर प्रयासों का एक प्रमुख हिस्सा है। दो वर्ष पूर्व हमने टाटा मेमोरियल सेंटर के साथ साझेदारी कर 1,200 करोड़ की प्रतिबद्धता के साथ विशाखापट्टनम, नवी मुंबई और न्यू चंडीगढ़ में तीन नए कैंसर ब्लॉक्स के निर्माण की घोषणा की थी। टीएमसी की नवीनतम आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए अब हमने इस प्रतिबद्धता को ?1,800 करोड़ तक बढ़ा दिया है।

## तनाएरा पहली बार साड़ियों पर लेकर आई 40 फीसदी छूट

**भोपाल।** टाटा की प्रोडक्ट तनाएरा ने वित्तीय वर्ष 25 में 930 फीसदी बढ़ोतरी दर्ज की और वित्तीय वर्ष 26 में भी शानदार शुरूआत की है। अपने उपभोक्ताओं को शादी-ब्याह की खरीददारी का बेजोड़ अनुभव प्रदान करते हुए तनाएरा विकास के इन रूझानों को लगातार जारी रखे हुए है। इसी क्रम में ब्राण्ड देश भर में अपनी पहली सेल लेकर आई है, जिसके तहत शुद्ध एवं प्राकृतिक फैब्रिक से बने परिधानों की सभी कैटेगरीज़- साड़ियों, रैडी-टू-वियर एन्सेम्बल्स, अनस्टिच्ड कुर्ता सेट और फेस्टिव लहंगा पर 40 फीसदी तक की छूट की घोषणा की गई है। देश के 41 शहरों में 80 स्टोर्स के नेटवर्क के साथ तनाएरा ने उपभोक्ताओं के पसंदीदा एथनिक वियर डेस्टिनेशन के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत बना लिया है। त्योहारों की शुरूआत के साथ इस सेल की घोषणा से उपभोक्ताओं को शुद्ध एवं प्रमाणित फैब्रिक से बने प्रोडक्ट्स खरीदने का मौका मिलेगा, ऐसे में वे तनाएरा के विशेष डिज़ाइनों के साथ-साथ बेजोड़ कीमतों पर खरीददारी का भी अनुभव पा सकेंगे।इस अवसर पर श्री सोमप्रभ कुमार सिंह, चीफ़ सेल्स एण्ड मार्केटिंग ऑफिसर ने कहा, ''हम पहली बार इतनी व्यापक रेंज पर छूट के ऑफर लेकर आए हैं, जहां हमारे प्रोडक्ट्स 40 फीसदी तक के डिस्काउन्ट पर उपलब्ध हैं। इस ऑफर के साथ-साथ हमारे उपभोक्ताओं को शुद्ध एवं समृद्ध प्रोडक्ट्स तो मिलते ही हैं, जिनके लिए तनाएरा को जाना जाता है। प्रमाणित स्रोतों से खरीदे गए हस्तनिर्मित उत्पादों की व्यापक रेंज तथा हर पीस में शुद्धता एवं गुणवत्ता के वादे के साथ हम अपने समझदार उपभोक्ताओं को सही मायनों में खास अनुभव प्रदान करना चाहते हैं।'

## अल्पेनलिबे ने भारत का पहला लिक्विडचोको से भरा पॉप लॉन्च किया!


**मुंबई, एजेंसी।** अल्पेनलिबे एकलेयर्स लंबे समय से घर-घर में पसंदीदा रहा है, जो अपने सिग्नेचर रिच, लिक्विड चोको जैसेसेंटर के लिए जाना जाता है – आनंद की वह पहचान जिसे उपभोक्ता पसंद करते हैं और इसकी उम्मीद करते हैं। इसी प्रतिष्ठित अनुभव को आगे बढ़ाते हुए, अल्पेनलिबे अब अल्पेनलिबे एकलेयर्स पॉप लॉन्च कर रहे हैं, जिसमें उसी चोको जैसे आनंद को बिल्कुल नए रूप मे पेश किया गया




है। यह चोको जैसेलिक्विड से भरा भारत का पहला लॉलीपॉप है। सिर्फ़ ?5 में, एकलेयर्स पॉप प्रीमियम स्वाद का अनुभव कराता है – जिसका बाहरी हिस्सा परिचित चबाने वाले कैरेमल है, तो वहीं इसके मध्य मे समृद्ध चोको जैसे स्वाद है। यह एक बहुत पसंद किए जाने वाले फॉर्मेट को सुविधाजनक, चलते-फिरते प्रारूप में लाता है। इसे किशोरों और युवा वयस्कों के लिए कभी भी, कहीं भी अपनी लालसा को संतुष्ट करने के लिए तैयार किया गया है। चाहे आप इसे धीरे-धीरे चखें या एक बार में ही चबा जाएं, एक्लेयर्स पॉप रोजाना की स्नैकिंग को शुद्ध चोको जैसे आनंद में बदल देता है। परफेटी वैन मेले इंडिया की मार्केटिंग डायरेक्टर गुंजन खेतान ने कहा, अल्पेनलिबे एक्लेयर्स पॉप के साथ, हमारा उद्देश्य एक बहुत पसंद किए जाने वाले अनुभव को एक नए, सुविधाजनक प्रारूप में विस्तार देना था। हम जानते हैं कि एक्लेयर्स के चोको जैसे सेंटर को कितना पसंद किया जाता है – और यह उत्पाद हर तरह से उस आनंद को आगे बढ़ाता है। किशोर और युवा वयस्क रोजमर्रा के प्रारूपों में भी अधिक समृद्ध, अधिक इमर्सिव ट्रीट की तलाश कर रहे हैं – और एक्लेयर्स पॉप बस यही है। कोई ट्विस्ट नहीं, बल्कि जो वे पहले से ही पसंद किया जाता है, उसी का यह स्वाभाविक विकास है।

## यूएस क्रैनबेरीज़ के साथ बच्चों को गर्मियों में रखें हाइड्रेटेड और हेल्दी

**मुंबई, एजेंसी।** जैसे-जैसे गर्मी का पारा चढ़ता जा रहा है, बच्चों को हाइड्रेटेड और स्वस्थ रखना हर माता-पिता की प्राथमिकता बन गया है। इस मौसम में पानी की कमी यानी डिहाइड्रेशन एक आम समस्या है, जो अक्सर बच्चों में अपच, दस्त, पेट फूलना और पेट दर्द जैसी पाचन से जुड़ी तकलीफों का कारण बनती है। प्रसिद्ध बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. इमरान पटेल बताते हैं कि अत्यधिक खेलकूद, पसीना, कम पानी पीना और फाइबर व पोषण से रहित डाइट बच्चों की आंतों के स्वास्थ्य को प्रभावित करती



है। इन सभी कारणों से आंतों में मौजूद अच्छे बैक्टीरिया—जिसे गट फ्लोरा कहा जाता है—का संतुलन बिगड़ जाता है, जिससे गर्मियों में बच्चों को पाचन संबंधी समस्याएं होने लगती हैं, वे समझाते हैं।

इस मौसमी चुनौती से निपटने के लिए डॉ. पटेल बच्चों की डेली डाइट में स्क्रैनबेरीज शामिल करने की सलाह देते हैं। स्क्रैनबेरीज़ में प्राकृतिक रूप से एंटीऑक्सिडेंट्स और डाइटरी फाइबर प्रचुर मात्रा में होते हैं, जो पाचन में मदद करते हैं और गट फ्लोरा को फिर से संतुलित करने में सहायता करते हैं। सबसे अच्छी बात यह है कि इनका खट्टा-मीठा स्वाद बच्चों को बेहद पसंद आता है, वे बताते हैं।

## रॉयल कॉलेज ऑफ आर्ट की स्नातक सोनाक्षी ने पेश किया 'ज़ात' - महिलाओं की अनकही कहानियों को धातु और यादों से उकेरने वाली मूर्तिकला प्रदर्शनी

नई दिल्ली। ब्रिटिश काउंसिल, कस्तूरबा गांधी मार्ग की गैलरी में ज़ात प्रदर्शनी पेश की जाएगी, जो सोनाक्षी की एक गहरी और प्रभावशाली मूर्तिकला कृति है। यह प्रदर्शनी मां-बेटी की पीढ़ियों की यादों को पारिवारिक चीजों, धातु और उनके अर्थों के ज़रिए सामने लाती है। यह प्रदर्शनी 11 जून से 31 जुलाई 2025 तक स्टडी यूके-क्रिएटिव कनेक्शन्स सेकंड के हिस्से के रूप में चलेगी। आगरा में जन्मी और अब लंदन में रहने वाली सोनाक्षी चतुर्वेदी अपनी पेंटिंग, इनैमलिंग और रत्नों की जानकारी को मिलाकर यह सवाल उठाती हैं कि महिलाओं की कहानियां कैसे याद रखी जाती हैं—या जानबूझकर भुला दी जाती हैं। यह प्रदर्शनी दुल्हन, मां और दादी जैसे पारंपरिक रोल्स पर सवाल उठाती है और भारतीय उपमहाद्वीप की हस्तकला परंपराओं में छिपी अनकही इच्छाओं को उजागर करती है। 2024 में मशहूर रॉयल कॉलेज ऑफ आर्ट से ज्वैलरी और मेटल में एमए पूरा करने वाली सोनाक्षी नई पीढ़ी की कलाकार हैं, जो पुरानी हस्तकला को आधुनिक कला के साथ जोड़ रही हैं। रत्न विशेषज्ञ होने के साथ-साथ इंदिरा गांधी नेशनल सेंटर फॉर द आर्ट्स (संस्कृति मंत्रालय) में शोधकर्ता के रूप में उनका अनुभव उन्हें दक्षिण एशियाई समाजों में गहनों और विरासत के सांस्कृतिक मायने समझने की गहरी समझ देता है।

# भारत-ईयू व्यापार समझौते में प्रगति

### विदेश नीति पर जयशंकर ने कही यह बात

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत यूरोपीय संघ के साथ अपने संबंधों को उच्च प्राथमिकता देता है। यह बात विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को यह टिप्पणी की। जर्मन मार्शल फंड (जीएमएफ) फोरम में फाइनेंशियल टाइम्स के ब्रसेल्स ब्यूरो प्रमुख हेनरी फॉय से बातचीत के दौरान जयशंकर ने कहा कि दोनों पक्षों के बीच मुक्त व्यापार समझौता अच्छी प्रगति पर है। उन्होंने विश्वास जताया कि इस साल के अंत तक यह समझौता पूरा हो जाएगा। विदेश मंत्री ने द्विपक्षीय संबंधों की मजबूती पर जोर डाला। यह केवल व्यापार तक सीमित नहीं है बल्कि रक्षा , गतिशिलता, प्रतिभा प्रभाव और शिक्षा जैसे पहलुओं के लिए लाभदायक है।



**यूरोपीय आयोग सदस्यों का भारत दौरा सकारात्मक कदम-** उन्होंने बताया कि जब यूरोपीय आयोग के सदस्य हाल ही में सामूहिक रूप से भारत आए थे, तो यह एक असाधारण और सकारात्मक कदम था। यह हमारे बीच रिश्तों को गहरा करने की मांशा का संकेत है। मुक्त व्यापार समझौता इस संबंध में केंद्र बिंदु है।

**भारत हर परिस्थितियों से निपटने लिए है तैयार-** इस उच्चस्तरीय वार्तालाप सत्र में भारत की विदेश नीति से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। इसमें अमेरिका के साथ उसके संबंध पर बात हुई। जयशंकर ने कहा कि भारत के पास परिस्थितियों और चुनौतियों से निपटने की क्षमता है। भारत खुद के बारे में सोच सकता है। हम दुनिया से क्या लाभ उठा सकते हैं, इसके आधार पर निर्णय लेने के लिए तैयार हैं।यूरोप के इतिहास और अनुभवों के साथ इसकी तुलना करते हुए, मंत्री ने कहा कि भारत बदलती भू-राजनीतिक वास्तविकताओं और दृष्टिकोण में उभरने वाले किसी भी ट्रांस-अटलांटिक मतभेद से निपटने का आदी है। विदेश मंत्री ने कहा कि भारत अमेरिका के साथ अपने संबंधों को उतना ही महत्व देता है, जितना यूरोपीय संघ के साथ देता है। भारत प्रत्येक के साथ उन शर्तों पर व्यवहार करेगा जो दोनों के लिए लाभदायी हो।

# टर्म इंश्योरेंस: समय सीमा से अधिक मायने रखती है सही टाइमिंग

**मुंबई ।** टर्म इंश्योरेंस को आज भी वित्तीय सुरक्षा की सबसे सरल और असरदार नींव माना जाता है। इसमें न बोनस होता है, न निवेश पर रिटर्न—बस एक सीधा और स्पष्ट वादा होता है- अगर पॉलिसी अवधि के दौरान बीमाधारक की मृत्यु होती है, तो उसके परिवार को एकमुश्त राशि मिलेगी। लेकिन अब सवाल सिर्फ यह नहीं रह गया है कि टर्म इंश्योरेंस होना चाहिए या नहीं, बल्कि यह भी महत्वपूर्ण हो गया है कि इसे कब तक रखा जाए।

इस संदर्भ में टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस के चीफ डिस्ट्रीब्यूशन ऑफिसर - अल्टरनेट और इमर्जिंग चैनल्स, जिलानी बाशा ने कहा, आज के उपभोक्ता टर्म इंश्योरेंस को लेकर अधिक जागरूक और विचारशील हैं। वे अब सामान्य दृष्टिकोण से हटकर, अपनी व्यक्तिगत ज़रूरतों और जिम्मेदारियों के अनुरूप फैसले ले रहे हैं। वे पूछ रहे हैं कि कवरेज की सही अवधि क्या है, क्यों जरूरी है और किस समय सबसे ज्यादा प्रासंगिक है। यह सोच एक सकारात्मक बदलाव का संकेत है, जहां बीमा अब सिर्फ एक उत्पाद नहीं, बल्कि जीवनशैली का हिस्सा बनता जा रहा है।

उन्होंने आगे जोड़ा, लोग अब ऐसे समाधानों की तलाश कर रहे हैं जो न केवल वर्तमान में प्रासंगिक हों, बल्कि भविष्य के जोखिमों से भी सुरक्षा दें। बीमाकर्ता के रूप में हमारी भूमिका अब केवल उत्पाद बेचने तक सीमित नहीं रही, बल्कि सही जानकारी और मार्गदर्शन देना भी उतना ही जरूरी है।

टर्म इंश्योरेंस का मूल्य इसकी लाइफटाइम कवरेज में नहीं, बल्कि उस समयबद्ध सुरक्षा में है जब परिवार को आपकी आमदनी पर सबसे ज़्यादा निर्भरता होती है। सोच-समझकर किया गया चुनाव ही इसे एक स्मार्ट वित्तीय योजना बनाता है।

### एयर इंडिया हादसे के बाद

# बीमा कंपनियों को चुकानी होगी मोटी रकम, बन सकता है नया रेकॉर्ड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अहमदाबाद में एयर इंडिया के विमान हादसे से बीमा कंपनियों पर बड़ा असर पड़ेगा। यह भारत में अब तक का सबसे महंगा एविएशन इंश्योरेंस क्लेम हो सकता है। जानकारों का कहना है कि बीमा कंपनियों को 120 मिलियन डॉलर (करीब 1000 करोड़ रुपये) से ज्यादा का भुगतान करना पड़ सकता है। इकोनॉमिक टाइम्स के अनुसार इस भुगतान में विमान की कीमत का नुकसान लगभग 80 मिलियन डॉलर हो सकता है। विमान की कीमत को हल लॉस कहा जाता है। यात्रियों को मुआवजा देने में 30 से 50 मिलियन डॉलर और लग सकते हैं। कुछ लोगों का मानना है कि यात्रियों से जुड़े दावे 100 मिलियन डॉलर से भी ज्यादा हो सकते हैं। क्योंकि विमान में कई अमीर लोग सवार थे। इसलिए मुआवजे की राशि बढ़ सकती है।

### किन कंपनियों का बीमा?

टाटा एआईजी इस बीमा पॉलिसी की मुख्य कंपनी थी। न्यू इंडिया एश्योरेंस जैसी अन्य कंपनियों ने भी इसमें हिस्सा लिया था। इस विमान का बीमा लंदन के बाजार में करवाया गया था। इसे ग्लोबल रीइंश्योरेंस प्रोग्राम कहते हैं। इसमें ज्यादातर जोखिम विदेशी बीमा कंपनियों को दिया जाता है। भारत की बीमा कंपनियों जैसे टाटा एआईजी, न्यू इंडिया एश्योरेंस, नेशनल इंश्योरेंस, यूनाइटेड इंडिया, ओरिएंटल और आईसीआईसीआई लोम्बार्ड जनरल ने 10 प्रतिशत से भी कम जोखिम रखा है। सरकारी रीइंश्योरेंस कंपनी जीआईसी रे के पास रीइंश्योरेंस पर 5 प्रतिशत हिस्सा है।




**अब तक का सबसे बड़ा क्लेम-** एलायंस इंश्योरेंस ब्रोकर्स के एविएशन बिजनेस हेड सौरव बिस्वास ने कहा कि यह किसी भारतीय एयरलाइन से जुड़ा अब तक का सबसे बड़ा दावा होगा।

पहले भारत में विमान हादसे कम ही हुए हैं। साल 2010 में दुबई से आ रहा एक बोइंग 737 विमान मंगलौर में उतरते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इसमें 158 लोगों की जान चली गई थी। वहीं साल 2020 में कोझीकोड में हुए एक और हादसे में 21 लोगों की मौत हो गई थी। बीमा उद्योग के जानकारों के अनुसार, इन दोनों घटनाओं में बीमा कंपनियों ने लगभग 60-70 मिलियन डॉलर का भुगतान किया था।

### प्रति यात्री कितना मुआवजा?

टाटा एआईजी के एक प्रवक्ता ने कहा कि एयर इंडिया के मुख्य बीमाकर्ता होने के नाते, कंपनी स्थिति पर नजर रख रही है। एक बीमा अधिकारी ने बताया कि एयर इंडिया की देनदारी की सीमा 1.5 बिलियन डॉलर तक है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक यात्री के लिए शारीरिक चोट या मृत्यु होने पर लगभग 250,000 डॉलर का मुआवजा दिया जा सकता है।

### क्या कहा जानकारों ने?

जीआईसी रे के सीएमडी रामस्वामी नारायणन ने कहा कि इस घटना से विमान के पूरी तरह से नष्ट होने और लोगों की मृत्यु होने के कारण कई दावे किए जाएंगे। ऐसे नुकसान का असर कई रीइंश्योरेंस कंपनियों पर पड़ता है। क्योंकि विमान बेड़े की नीतियों को अक्सर कई कंपनियों के साथ बांटा जाता है। हालांकि नुकसान की वजह से बीमा की कीमतों पर क्या असर होगा, यह अभी कहना मुश्किल है।

## अविका गौर और उनके मंगेतर मिलिंद ने कलर्स के नए रियलिटी शो के लिए कहा 'हां!'

**मुंबई, एजेंसी।** क्या आपको बालिका वधू की छोटी आनंदी याद है – वह बाल वधू जिसने उस समय हमारा दिल चुरा लिया था? अब वही अविका गौर पूरी तरह से बड़ी हो चुकी हैं और प्यार में सिर से पांव तक डूबी हुई हैं! टेलीविजन की यह चहेती कलाकार अब उस चैनल पर वापसी कर रही हैं जिसने उन्हें घर-घर का नाम बना दिया था—कलर्स। लेकिन इस बार, वह अकेली नहीं आ रही हैं। इस खास मौके पर उनके साथ हैं उनके मंगेतर और सामाजिक कार्यकर्ता मिलिंद चंदवानी।

यह प्यारा जोड़ा कलर्स के बिल्कुल नए रियलिटी शो 'पति पत्नी और पंगा' में नजर आने वाला है—एक ऐसा शो जो प्यार, हंसी और रिश्तों की जादुई उलझनों का खूबसूरत उत्सव है। अभी हाल ही में जब अविका ने अपने लंबे समय से साथी मिलिंद के साथ रोका सेरेमनी की ड्रीमी तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा कीं, तो इंटरनेट पर जैसे भावनाओं की बाढ़ आ गई। फैन्स ने ऑ कहकर अपना प्यार जताया और अब समझ में आता है क्यों—वह तो बस एक झलक थी, असली कहानी अब सामने आ रही है। 'पति पत्नी और पंगा' उन छोटे-छोटे लम्हों को उजागर करेगा जो किसी भी रिश्ते को मजबूत बनाते हैं—एक साथ की गई कोशिशें, साझा की गई मुस्कानें, रोजाना की छोटी-छोटी जीतें।

## एक्सिस मैक्स लाइफ इंश्योरेंस ने कांतार के साथ मिलकर किए अध्ययन के सातवें संस्करण से मिले आंकड़े जारी किए

**मुंबई, एजेंसी।** एक्सिस मैक्स लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड ने मार्केटिंग डाटा एवं एनालिटिक्स के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर अग्रणी कंपनी कांतार के साथ मिलकर किए गए अपने महत्वाकांक्षी इंडिया प्रोटेक्शन कोशेंट (आईपीक्यू) अध्ययन के सातवें संस्करण से मिले आंकड़े जारी करने की घोषणा की है। 25 भारतीय शहरों में करीब 6,360 परिवारों से मिलकर किए गए आईपीक्यू 7.0 से वंचित समुदायों, विशेष रूप से एलजीबीटीक्यूआईए+ समुदाय और कामकाजी महिलाओं के बीच भविष्य की वित्तीय तैयारियों को लेकर बड़ी कमी सामने आई है।

एक्सिस मैक्स लाइफ के सीईओ एवं मैनेजिंग डायरेक्टर प्रशांत त्रिपाठी ने कहा, 'आईपीक्यू 7.0 से मिले नतीजों ने वंचित समुदायों के बीच वित्तीय सुरक्षा में असमानता की की तस्वीर सामने रखी है। एलजीबीटीक्यूआईए+समुदाय का प्रोटेक्शन कोशेंट मात्र 35 और महिलाओं का प्रोटेक्शन कोशेंट 48 पर है, जो दिखाता है कि सिर्फ चाहने से तैयारियां मजबूत नहीं हो जाती हैं। इस अंतर को भरने के लिए उद्योग को भरोसा कायम करने, टार्गेटेड तरीके से जागरूकता लाने और पहुंच बढ़ाने पर फोकस करना होगा। एक्सिस मैक्स लाइफ में हमारा मानना है कि सभी की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जरूरी हो गया है कि एक ऐसा समावेशी फाइनेंशियल इकोसिस्टम बनाया जाए, जो सहानुभूति पर आधारित हो और वास्तविक दुनिया की चुनौतियों के अनुरूप हो।'

**एलजीबीटीक्यूआईए+ समुदाय: इच्छा के बावजूद फाइनेंशियल प्रोटेक्शन में कमी-** एलजीबीटीक्यूआईए+ समुदाय का प्रोटेक्शन कोशेंट स्कोर 35 (0 से 100 के पैमाने पर) रहा है। यह डिजिटल रूप से सतर्क शहरी भारतीयों के 56 के औसत से बहुत कम है, जो इस वर्ग की वित्तीय अनिश्चितता की तस्वीर दिखाता है। एलजीबीटीक्यूआईए+समुदाय का नॉलेज इंडेक्स स्कोर भी 61 है, जो डिजिटल-सैवी अर्बन इंडियंस (डीएसयूआई) के 74 की तुलना में काफी कम है, जो इस समुदाय में जीवन बीमा को लेकर जागरूकता की कमी को दिखाता है।

## हंगामा ओटीटी लेकर आया है डबल रोल वाली नई सस्पेंस थ्रिलर सीरीज 'जुड़वा जाल'

**मुंबई, एजेंसी।** देश के सबसे प्रमुख एंटरटेन्मेंटप्लैटफ़ॉर्म में शामिल हंगामा ओटीटी ने आज अपनी नई ओरिजनल सीरीज 'जुड़वा जाल' के रिलीज की घोषणा की। यह जबरदस्त सस्पेंस से भरी क्राइम थ्रिलर सीरीज है जिसमें रोचकता, ड्रामा और कदम कदम पर नए मोड़ लेने वाली कहानी है। सीरीज छह एपिसोड की है और हर एपिसोड आपकी उत्सुकता को बढ़ाएगा और आपको अंदर सीरीज को आखिर तक देखने की दिलचस्पी पैदा करेगा। इस सीरीज में दर्शकों को हत्या, चीजों को अलग तरह से दिखाने की कोशिश, धोखे और सच तक पहुंचने की कशमकश देखने को मिलेगी। 'जुड़वा जाल' को बेहद प्रतिभाशाली कलाकारों ने अपने अभिनय से तैयार किया है। इसमें मोनालिसाडबल रोल में नजर आएंगी और उनके साथ अंकित भाटिया, पलक सिंह, कार्तिक जैन अहम भूमिकाओं में होंगे। इस सस्पेंस थ्रिलर की कहानी अनामिका की रहस्यमयी स्थितियों में हुई मौत के इर्द-गिर्द बुनी गई है। अनामिका एक ऐसी लड़की है जिसकी जिंदगी और मौत दोनों एक पहेली की तरह दर्शकों के सामने आती है। क्या उसकी मौत एक्सीडेंट में हुई है या फिर किसी ने उसकी हत्या की है? इंस्पेक्टर कुणाल इस केस को सुलझाने के लिए जब गहराई में जाकर पड़ताल करते हैं, तो शक की तमाम सुई एक ही व्यक्ति की ओर इशारा करती हैं और वो है अनामिका की उससे अलग रहने वाली जुड़वा बहन शुचि।



## त्रिविक्रम की पौराणिक फिल्म से बाहर हुए अल्लू अर्जुन, जूनियर एनटीआर की हुई एंट्री

अला वैकुंठपुरमुलु और गुंटूर करम जैसी कई बेहतरीन फिल्मों का निर्देशन कर चुके त्रिविक्रम श्रीनिवास की अगली फिल्म का फैंस को बेसब्री से इंतजार है। उनकी अगली फिल्म में का हीरो कौन होगा। यह सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना हुआ है।

### कौन होगा त्रिविक्रम की अगली फिल्म का हीरो

त्रिविक्रम श्रीनिवास की फिल्म गुंटूर करम को रिलीज हुए एक साल से ज्यादा हो चुका है और इस फिल्म के बाद उनकी कोई नई फिल्म की घोषणा नहीं हुई है। उनके पास वेंकटेश और अल्लू अर्जुन जैसे सितारों के साथ फिल्में हैं, लेकिन अब सोशल मीडिया पर एक नई खबर ने हलचल मचा दी है। 123 तेलुगु डॉट कॉम की एक खबर के मुताबिक, त्रिविक्रम एक महत्वाकांक्षी पौराणिक फिल्म पर काम कर रहे हैं, जिसमें जूनियर एनटीआर अहम भूमिका निभाते नजर आएंगे। वैसे पहले यह किरदार अल्लू अर्जुन को ध्यान में रखकर तैयार किया गया था। इस खबर ने प्रशंसकों को चौंका दिया है। हालांकि, इस बदलाव का कारण अभी स्पष्ट नहीं हुआ है, लेकिन यह खबर दोनों सितारों के प्रशंसकों में उत्साह और बहस का विषय बन चुका है।

### जूनियर एनटीआर का वर्कफ्रंट

जूनियर एनटीआर पहले से ही वॉर 2, ड्रैगन और देवरा- भाग 2 जैसी बड़ी फिल्मों में व्यस्त हैं। अगर त्रिविक्रम के साथ जूनियर एनटीआर का यह प्रोजेक्ट पक्का होता है, तो यह उनकी फिल्मों की सूची में एक और बड़ा नाम जुड़ जाएगा। बहरहाल, जूनियर एनटीआर और अल्लू अर्जुन के फैंस इस फिल्म की आधिकारिक घोषणा का इंतजार कर रहे है।





# फिल्म मेकिंग बदल गई, अब हमें अपनी सोच बदलने की जरूरत

अभिनेत्री जेनेलिया डिसूजा इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'सितारे जमीन पर' को लेकर चर्चाओं में बनी हुई हैं। इस फिल्म में जेनेलिया आमिर खान के साथ उनकी पत्नी की भूमिका में नजर आएंगी। इस फिल्म के जरिए जेनेलिया एक लंबे वक्त बाद बॉलीवुड की किसी बड़ी फिल्म में नजर आएंगी। हाल ही में जेनेलिया ने अपनी भूमिका के बारे में बताया कि इस किरदार के लिए उन्हें कई बार ऑडिशन देना पड़ा, जिससे उन्हें कोई दिक्कत नहीं है। इसी दौरान जेनेलिया ने ये जरूर बताया कि आखिर क्यों उन्हें अब इस तरह के किरदार ऑफर नहीं हो रहे हैं।

### यह आमिर सर की महानता है, उन्होंने मुझमें कुछ देखा

'सितारे जमीन पर' में अपने किरदार सुनीता के बारे में बात करते हुए जेनेलिया ने कहा कि वो इस तरह के किरदार और भी करना चाहती हैं। फिल्मीमंत्रा मीडिया के साथ अपनी हालिया बातचीत में अभिनेत्री ने कहा, 'जब लोगों को पता चला कि मैं सितारे जमीन पर कर रही हूं, तो सभी ने कहा कि हे भगवान, कितनी किस्मतवाली हो तुम, आमिर खान की फिल्म कर रही हो। इस पर मैंने कहा, बेशक यह आमिर सर की महानता है कि उन्होंने मुझमें कुछ देखा। बेशक, उन्होंने मेरा ऑडिशन लिया। लेकिन आप भी ऐसा कर सकते हैं। आप मुझे कोई भूमिका भी दे सकते हैं।' जेनेलिया ने आगे और निर्देशकों के उन्हें इस तरह के किरदार में न लेने के पीछे की वजह का जिक्र किया। अभिनेत्री ने 'सितारे जमीन पर' में उनके किरदार को लेकर प्रतिक्रिया देने वालों को संबोधित करते हुए कहा, 'आप भी मुझे ऐसे किरदारों में ले सकते हैं, लेकिन आप मानदंडों के अनुसार चलते हैं। शायद आपको लगता है कि मैं शादीशुदा हूं इसलिए मुझे इस किरदार की जरूरत नहीं है। मुझे लगता है कि फिल्म मेकिंग बदल गई है। इसलिए हमारी मानसिकता भी बदलनी चाहिए।'

### सही किरदार चुनना महत्वपूर्ण

अभिनेत्री ने आगे कहा कि यह बहुत महत्वपूर्ण है कि अगर आप किसी खास उम्र का किरदार चाहते हैं, तो आपको उसी उम्र के किसी व्यक्ति को कास्ट करना चाहिए। जब हम किसी ऐसे अभिनेता को कास्ट करते हैं जो मेरे द्वारा निभाए गए किरदार से बहुत छोटा होता है, तो वे उस किरदार की छोटी-छोटी बातें नहीं समझ पाते। सही किरदार चुनना महत्वपूर्ण है। मुझे उम्मीद है कि सभी को अवसर मिलेंगे।

20 जून को रिलीज होगी सितारे जमीन पर आरएस प्रसन्ना द्वारा निर्देशित स्पोर्ट्स कॉमेडी फिल्म सितारे ज़मीन पर 20 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म को लेकर आमिर लगातार जेनेलिया के साथ प्रमोशन में जुटे हैं। 'लाल सिंह चड्ढा' के बाद आमिर इस फिल्म के जरिए बड़े पर्दे पर वापसी कर रही हैं। फिल्म में जेनेलिया आमिर की पत्नी के किरदार में नजर आई हैं।

## क्या इब्राहिम अली की इस बात से प्रेशर फील करती हैं पलक तिवारी?



टीवी एक्ट्रेस श्वेता तिवारी की बेटी पलक तिवारी भी फिल्मों में एक्टिंग कर रही हैं। वह अब तक दो फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। पलक ने करियर की शुरुआत सलमान खान की फिल्म 'किसी का भाई किसी की जान' से की थी। हाल ही में वह फिल्म 'द भूतनी' में नजर आई। मैशेबल इंडिया से की गई हालिया बातचीत में जब पलक तिवारी से पूछा गया कि क्या वह मौजूदा नए एक्टर्स जैसे इब्राहिम अली खान, सुहाना खान और अनन्या पांडे की एक्टिंग से किसी तरह का प्रेशर फील करती हैं? पलक का जवाब था, 'प्रेशर लेकर काम करोगे तो वह बिल्कुल भी अच्छा नहीं होगा। फिर प्रेशर लेने का क्या फायदा।' पलक का इतना जरूर कहना है कि उनके साथ के एक्टर्स काफी सपोर्टिंग हैं।



## दिव्या दत्ता ने बताया क्यों रहना चाहती हैं कुंवारी

दिव्या दत्ता उन बॉलीवुड कलाकारों में से एक हैं जिन्होंने सुष्मिता सेन, तब्बू और सलमान खान जैसे सितारों की तरह बिना शादी के रहने का फैसला चुना। दिव्या ने हाल ही में अपने बातचीत में अपने इस फैसले को लेकर खुलकर बातें की हैं और बताया है कि आखिर ये ऑप्शन उन्होंने क्यों चुना।

दिव्या ने बातचीत में अपने विचारों को शेयर करते हुए कहा, अगर आपको एक अच्छा साथी मिल जाए तो शादी करना बहुत अच्छा है। अगर नहीं तो ज़िंदगी खूबसूरती से आगे बढ़ती है। एक बेकार सी शादी में बंधे रहने से बेहतर है कि आप खुद ही खुद का ख्याल रखें। किसी रिश्ते में खुद को नीचा दिखाने की बजाय, खुद से प्यार करना बेहतर है। मेरी तरफ बहुत से मर्दों का अटेंशन खूब रहता है और मैं इसे इंजॉय करती हूं लेकिन रिश्ता तब बनना चाहिए जब आप कनेक्ट होते हैं। अगर आपको लगता है कि वह व्यक्ति आपका हाथ थाम सकता है। अगर ऐसा नहीं है तो मेरे आस-पास मेरे कई प्यारे दोस्त हैं और मैं अपने लिए वहां हूं।

### मुझे लगता है कि मैं ओवर क्वॉलिफाइड हूं

उन्होंने आगे कहा कि वह शादी नहीं करना चाहती हैं। दिव्या ने कहा, मैं शादी नहीं करना चाहती लेकिन मुझे एक साथी चाहिए जिसके साथ मैं ट्रैवल कर सकूं और अगर नहीं तो भी मैं खुश हूं। आप जानते हैं, मेरे सबसे अच्छे दोस्त ने मुझे एक कोट भेजा - एक शख्स पूछता है- तुम सिंगल क्यों हो? तुम सुंदर, आकर्षक, देखभाल करने वाली हो तो मैंने कहा- मुझे लगता है कि मैं ओवर क्वॉलिफाइड हूं। एक समय आता है जब आप पूर्णता की तलाश बाहर करते हैं, जो जरूरी नही है। यह जरूरी नहीं है कि आप तभी पूर्ण होंगे जब एक अच्छा साथी आपके जीवन में आएगा। मुझे यह गलतफहमी थी। मैं अपने दिल की बात खुलकर कहती थी - लेकिन अब ऐसा नहीं है।

### दिव्या की आनेवाली फिल्म

दिव्या आखिरी बार फिल्म छावा में दिखीं। लक्ष्मण उटेकर निर्देशित इस फिल्म में विक्की कौशल ने छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका निभाई थी, साथ ही अक्षय खन्ना ने सम्राट औरंगजेब और रश्मिका मंदाना ने येसुबाई भोंसले की भूमिका निभाई थी। वहीं अब दिव्या अगली बार अर्जुन रामपाल के साथ नास्तिक में नज़र आएंगी। शैलेश वर्मा द्वारा निर्देशित इस फ़िल्म में इहाना ढिल्लन और हर्षाली मल्होत्रा भी हैं। फ़िल्म की रिलीज़ की तारीख अभी सामने नहीं आई है।


# लाल परी टाइटल से खुश सौंदर्या शर्मा



मल्टीस्टारर कॉमेडी फिल्म हाउसफुल 5 में अपनी एक्टिंग से दर्शकों का दिल जीतने वाली एक्ट्रेस सौंदर्या शर्मा इन दिनों खूब सुर्खियां बटोर रही हैं। फिल्म के एक गाने में उनके प्रदर्शन को लेकर फैंस ने उन्हें लाल परी का खिताब दिया, जिसे लेकर वह काफी उत्साहित हैं। आईएएनएस को दिए इंटरव्यू में सौंदर्या ने इस टाइटल को सम्मान करार दिया। साथ ही मलाइका अरोड़ा और कैटरीना कैफ से तुलना करने पर भी अपनी राय पेश की। आईएएनएस से खास बातचीत में सौंदर्या ने बताया कि लाल परी का खिताब उनके लिए क्या मायने रखता है। साथ ही, उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री के दिग्गज कलाकारों के साथ काम करने के अनुभव को भी साझा किया।

सौंदर्या ने कहा, जब कहीं से कोई अचानक कहता है, अरे देखो, लाल परी सौंदर्या, तो यह सुनकर अच्छा लगता है। इस टाइटल ने मुझे नई पहचान दी है। इससे ऐसा लगता है जैसे लोग मेरे काम को सच में पसंद कर रहे हैं। मैं खुद को बहुत भाग्यशाली मानती हूं। सवाल में जब उनके लाल परी टाइटल की तुलना मलाइका अरोड़ा की मुन्नी बदनाम और कैटरीना कैफ की शीला की जवानी से की गई, तो उन्होंने जवाब देते हुए कहा, आप जिन दो कलाकारों की बात कर रहे हैं, वे मेरी सीनियर्स हैं। उनसे मेरी तुलना होना बहुत बड़ी बात है। लेकिन मेरा सफर तो अभी शुरू ही हुआ है। मैं और ज्यादा अच्छा काम करना चाहती हूं, ताकि लोगों से मुझे ऐसे ही ढेर सारा प्यार मिलता रहे।

सौंदर्या शर्मा ने कहा, मेरी मां माधुरी मैम को बहुत पसंद करती हैं और मैं खुद भी उनकी बहुत बड़ी फैन हूं। मुझे श्रीदेवी मैम, वैजयंतीमाला और मधुबाला भी बहुत पसंद हैं। ये सभी मेरे लिए प्रेरणादायक हैं। वे सब स्क्रीन पर दमदार अभिनय करती थीं और हर किरदार को बहुत खूबसूरती से निभाती थीं। हाउसफुल 5 6 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है।



# सितारे जमीन पर के बाद रजनीकांत की फिल्म में नजर आएंगे आमिर खान

आमिर खान इन दिनों फिल्म सितारे जमीन पर के प्रमोशन में बिजी हैं। फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। दर्शकों को आमिर खान की फिल्म का बेसब्री से इंतजार है। फिल्म 20 जून को रिलीज होने वाली है। हाल ही में आमिर खान ने बताया है कि वह सितारे जमीन पर के बाद किस फिल्म में नजर आएंगे। आमिर खान ने बातचीत में बताया है कि वह रजनीकांत की फिल्म कुली में नजर आएंगे। आमिर खान ने बताया है कि वह इस फिल्म में कैमियो रोल करेंगे। आमिर खान के मुताबिक वह रजनीकांत के इतने बड़े फैन हैं कि उन्होंने स्क्रिप्ट भी नहीं पढ़ी और उस रोल के लिए हां बोल दिया।

साउथ के सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म कुली को लेकर फैंस काफी उत्साहित हैं। यह फिल्म एक्शन थ्रिलर फिल्म है। फिल्म का निर्देशन लोकेश कनगराज कर रहे हैं। आईएमडी के मुताबिक यह फिल्म 14 अगस्त 2025 को रिलीज होने वाली है। पहले खबरें थीं कि इस फिल्म में आमिर खान नजर आ सकते हैं लेकिन अब आमिर खान ने खुद इस बात से पर्दा हटा दिया है।

### सितारे जमीन पर के बारे में

सिनेमाघरों में आने को तैयार फिल्म सितारे जमीन पर में आमिर खान ने एक बॉस्केटबॉल कोच की भूमिका निभाई है। इस फिल्म में वह 10 दिव्यांग बच्चों को बॉस्केटबॉल सिखाएंगे। फिल्म में जेनेलिया देशमुख भी होंगी। यह फिल्म स्पैनिश फिल्म चैंपियंस की रीमेक है। इस फिल्म से अरुष दत्ता, गोपी कृष्ण वर्मा, संवित देसाई, वेदांत शर्मा, आयुष भंसाली, आशीष पेंडसे, ऋषि शाहनी, ऋषभ जैन, नमन मिश्रा और सिमरन मंगेशकर हिंदी सिनेमा में डेब्यू कर रहे हैं। फिल्म 20 जून को रिलीज होने वाली है। बताया जाता है कि आमिर खान इस फिल्म की रिलीज के बाद दादा साहब फाल्के की बायोपिक पर काम करेंगे।

## नागा वामसी ने अफवाहों पर लगाया विराम, त्रिविक्रम की अगली दो फिल्मों की पुष्टि की

निर्माता नागा वामसी ने सोशल मीडिया पर साफ किया कि बाकी सितारों के साथ त्रिविक्रम के सहयोग की खबरें सिर्फ अफवाहें हैं। फिलहाल, वह अपनी दो परियोजना पर काम कर रहे हैं।

### दो फिल्मों के एक्टर्स हुए निर्धारित

123 तेलुगु की एक खबर के मुताबिक, निर्देशक त्रिविक्रम श्रीनिवास की अगली दो फिल्मों की घोषणा हो चुकी है। वह पहले अभिनेता वेंकटेश के साथ एक फिल्म करेंगे और इसके बाद जूनियर एनटीआर के साथ एक पौराणिक फिल्म बनाएंगे। निर्माता नागा वामसी ने सोशल मीडिया पर साफ किया कि बाकी सितारों के साथ त्रिविक्रम के सहयोग की खबरें सिर्फ अफवाहें हैं। उन्होंने कहा कि त्रिविक्रम की हर पक्की परियोजना की घोषणा वह खुद सोशल मीडिया पर करेंगे।

### नागा वामसी का पोस्ट

नागा वामसी ने अपने एक्स अकाउंट पर त्रिविक्रम की दो फिल्मों को लेकर पोस्ट शेयर किया। उन्होंने लिखा, त्रिविक्रम गरु की अगली 2 परियोजनाएं तय हो गई हैं। बाकी सब तो महज अटकलें हैं। त्रिविक्रम गरु की किसी भी कंफर्म परियोजना की घोषणा मैं इसी जगह जल्द करूंगा।



# 5वां केयर्न्स कप शतरंज : हम्पी और हरिका नें खेला ड्रॉ ,यूएसए की ऐलिस ली को एकल बढ़त



**सेंट लुइस(एजेंसी)।** यूएसए में चल रही दुनिया की सबसे मज़बूत महिला प्रतियोगिताओं में से एक केयर्न्स कप के दूसरे राउंड के बाद यूएसए की युवा इंटरनेशनल मास्टर ऐलिस ली ने दोनों मुकाबले जीतकर बढ़त बना ली है । पहले राउंड में जहां पांचों बोर्ड पर जीत और हार के परिणाम आए थे दूसरे राउंड सिर्फ दो बाजियों में जीत और हार का फ़ैसला हुआ, जबकि बाकी तीन बाज़ियाँ बेनतीजा रहीं। इस राउंड की सबसे खास जीत दर्ज की ऐलिस ली ने उन्होने यूक्रेन की अनुभवी खिलाड़ी मारिया मुझिचुक को हराया और जॉर्जिया की नाना डज़गनिद्ज़े ने कज़ाकिस्तान की बीबिसारा असाउबायेवा को पराजित किया।

पहले राउंड में जीत के साथ शुरुआत करने वाली भारत की कोनेरू हम्पी ने चीन की तान झोंगयी को काले मोहरों से ड्रॉ पर रोका। खेल की शुरुआत इंग्लिश ओपनिंग से हुई और मिडलगेम तक पहुँचते-पहुँचते हम्पी ने झोंगयी के राजा पर प्यादों से हमला करना शुरू कर दिया। इसके जवाब में झोंगयी ने हम्पी के वजीर के हिस्से पर आक्रमण किया। दोनों खिलाड़ियों ने शानदार बचाव किया और एक-दूसरे पर हावी नहीं होने दिया। 24वी चाल पर वज़ीर और 28वी पर हाथियों की अदला-बदली के बाद खेल विपरीत रंग के ऊंटों के एंडगेम में बदल गया, और कुछ चालों के बाद दोनों खिलाड़ियों ने चाले दोहरा कर खेल को ड्रॉ के रूप में समाप्त किया। भारत की कोनेरू हम्पी, जो इस प्रतियोगिता को 2020 और 2024 में पहले ही जीत चुकी हैं

वहीं हरिका द्रोणावल्ली ने जॉर्जिया की नीनो बत्सियाशविली के खिलाफ काले मोहरों से क्वीन गैम्बिट डिक्लाइन ओपनिंग खेलने का निर्णय लिया। 24वीं चाल पर नीनो ने हरिका को एक प्यादे का लालच दिया और हरिका ने खुशी से वह प्यादा ले लिया और कुछ चालों बाद वापस भी कर दिया। इस खेल में 46वीं चाल पर, हम्पी के खेल की तरह ही, हाथियों की अदला-बदली के बाद खेल विपरीत रंग के ऊंटों के एंडगेम में पहुँच गया और कुछ ही चालों बाद दोनों खिलाड़ियों ने ड्रॉ स्वीकार कर लिया।

हम्पी और हरिका फिलहाल एक जीत और एक ड्रॉ के साथ 1.5 अंक बनाकर सयुंक्त दूसरे स्थान पर चल रही है ।

# हैंडबाल के इंडिया कैंप के लिए हिमाचल की आठ बेटियों का चयन, चीन में होने वाली है प्रतियोगिता



**नई दिल्ली, एजेंसी।** चीन में होने वाली 11वीं एशियन अंडर-18 यूथ वुमन हैंडबाल प्रतियोगिता के लिए इंडिया कैंप में चुनी गई 28 खिलाड़ियों में हिमाचल से आठ महिलाओं को शामिल किया गया है। कैंप के बाद 18 महिला खिलाड़ियों का चयन होना है। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए टीम 14 जुलाई को रवाना होगी।

गुजरात के गांधीनगर में राष्ट्रीय कैंप 13 जुलाई तक चलेगा। कैंप में देशभर की 70 महिला खिलाड़ियों में से 28 को चुना गया है। यहीं से टीम इंडिया को चुना जाएगा। हैंडबाल कोच स्नेहलता ने बताया कि चयनित खिलाड़ियों में गोलकीपर नेहा चौहान और काजल, लेफ्ट बैक शिवानी देवी, लेफ्ट विंग रिद्धिमा, राइट बैक मुस्कान, सेंटर बैक गरिमा, पीवोट कनिष्का और राइट विंग शिक्षा को शामिल किया गया है। शामिल हैं। ये सभी खिलाड़ी मोरसिंघी हैंडबाल नर्सरी से तैयार हुई हैं।

स्नेहलता ने बताया कि कैंप के बाद चयनित 18 सदस्यीय टीम 14 जुलाई को चीन रवाना होगी। जहां 11वीं एशियन अंडर-18 यूथ वुमन हैंडबाल प्रतियोगिता होगी। इस दौरान टीम के साथ मुख्य कोच सचिन और कोच विनॉय, नवीन पुनिया और मनीषा राठौर भी रहेंगे। स्नेहलता ने कहा कि प्रदेश से एक साथ आठ खिलाड़ियों का कैंप के लिए चुना जाना गर्व का विषय है। उम्मीद है कि कैंप के बाद हिमाचल से गईं खिलाड़ी टीम इंडिया में भी स्थान बनाएंगी और प्रतियोगिता में दमदार प्रदर्शन कर देश का नाम चमकाएंगी।

# मेजर लीग क्रिकेट में मचाया धमाल एलेन ने लगाई रिकॉर्ड्स की झड़ी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** न्यूजीलैंड के बल्लेबाज फिन एलेन ने अमेरिका की टी20 लीग मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) में शानदार पारी खेल कई रिकॉर्ड अपने नाम कर लिए। सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स के लिए वॉशिंगटन फ्रीडम के खिलाफ खेलते हुए उन्होंने 51 गेंदों पर 151 रन बनाए। इस दौरान एलेन ने 296 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की। वॉशिंगटन के गेंदबाजों के लिए एलेन की पारी किसी बुरे सपने की तरह रही। सैन फ्रांसिस्को ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 269 रन बनाए। जवाब में वॉशिंगटन की टीम 13.1 ओवर में 146 रन पर ऑलआउट हो गई। इस तरह यूनिकॉर्न्स ने यह मुकाबला 123 रनों से अपने नाम किया।

## एलेन ने लगाई रिकॉर्ड्स की झड़ी

अपनी इस तूफानी पारी के दम पर एलेन ने कई रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिए। वह टी20 क्रिकेट में सबसे तेजी से 150 रन पूरे करने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। एलेन 49 गेंदों पर इस उपलब्धि पर पहुंचे। उन्होंने इस मामले में डेवाल्ड ब्रेविस को पीछे छोड़ा जिन्होंने दक्षिण अफ्रीका की टी20 लीग में 52 गेंदों पर 150 रन बनाए थे। इतना ही नहीं, एलेन ने 34 गेंदों पर शतक पूरा किया जो न्यूजीलैंड के किसी बल्लेबाज का टी20 में सबसे तेज सैकड़ा है। यह फ्रेंचाइजी आधारित टूर्नामेंट में किसी बल्लेबाज का दूसरा सबसे तेजी से लगाया गया शतक है। उनसे आगे इस मामले में क्रिस गेल हैं जिन्होंने आईपीएल 2013 में 30 गेंदों पर शतक लगाया था।

## सिर्फ छक्के लगा बनाए 100 से अधिक रन

एलेन ने टी20 की एक पारी में सर्वाधिक छक्के लगाने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। उन्होंने इस मैच में 19 छक्के लगाए और इस मामले में क्रिस गेल और एस्टोनिया के साहिल चौहान को पीछे छोड़ दिया। गेल और साहिल ने टी20 के एक पारी में 18 छक्के लगाए हैं। एलेन ने 134 रन सिर्फ बाउंड्री से जुटाए जिसमें से 114 रन तो छक्के के द्वारा आए। सिर्फ तीन खिलाड़ी ऐसे हैं जिन्होंने बाउंड्री के जरिये टी20 में एलेन से ज्यादा रन बनाए हैं। एलेन इसके साथ ही एमएलसी टूर्नामेंट में सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। उन्होंने इस मामले में निकोलस पूरन को पीछे छोड़ा जिन्होंने 2023 में नाबाद 137 रन बनाए थे।

## आईपीएल नीलामी में रहे थे अनसोल्ड

दिलचस्प बात है कि एलेन को आईपीएल 2025 के लिए हुई मेगा नीलामी में कोई खरीदार नहीं मिला था। एलेन नीलामी में दो करोड़ रुपये के आधार मूल्य के साथ आए थे, लेकिन उन्हें लेने में किसी टीम ने दिलचस्पी नहीं दिखाई थी। एलेन भले ही आईपीएल 2025 में नहीं खेल सके, लेकिन उन्होंने एमएलसी में अपने दमदार प्रदर्शन से सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा है।

# नीदरलैंड ने हासिल किया वनडे इतिहास का तीसरा बड़ा रन चेज, ओ डोड ने खेली शानदार पारी




**नई दिल्ली, एजेंसी।** सलामी बल्लेबाज मैक्स ओ डोड की नाबाद 158 रनों की पारी के दम पर नीदरलैंड्स ने आईसीसी विश्व कप लीग टू 2023-27 के मुकाबले में स्कॉटलैंड को चार विकेट से हराकर बड़ी जीत दर्ज की। स्कॉटलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए जॉर्ज मुंसे के 191 रनों की पारी की मदद से 50 ओवर में छह विकेट पर 369 रन बनाए। जवाब में नीदरलैंड ने चार गेंद शेष रहते हुए छह विकेट पर 374 रन बनाकर मैच अपने नाम किया।

## बड़ी टीमों को पीछे छोड़ा

यह वनडे इतिहास का तीसरा सबसे बड़ा रन चेज है। वनडे में सबसे बड़ा रन चेज करने का रिकॉर्ड दक्षिण अफ्रीका के नाम है जिसने 2006 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नौ विकेट पर 438 रन बनाए थे। इस सूची में दूसरे स्थान पर भी दक्षिण अफ्रीका ही है। अब इस लिस्ट में नीदरलैंड का नाम भी जुड़ गया है और उसने भारत और इंग्लैंड जैसे देशों को पीछे छोड़ दिया है। स्कॉटलैंड ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। स्कॉटलैंड के लिए मुंसे ने 150 गेंदों पर 14 चौकों और 11 छक्कों की मदद से 191 रन की पारी खेली, जबकि कप्तान मैथ्यू क्रॉस ने 59 रन बनाए। स्कॉटलैंड ने इस तरह नीदरलैंड्स के सामने बड़ा लक्ष्य रखा। जवाब में नीदरलैंड के लिए ओ डोड 130 गेंदों पर 12 चौकों और चार छक्कों की मदद से 158 रन बनाकर नाबाद लौटे। उन्होंने टीम को ऐतिहासिक जीत दिलाई। यह नीदरलैंड की इस प्रारूप में सबसे बड़ी जीत है। ओ डोड के अलावा तेजा निदामानुरु ने 51 और नोह क्रोएस 50 ने रनों का योगदान दिया। नीदरलैंड और स्कॉटलैंड ने मिलाकर इस मैच में कुल 743 रन बनाए।

# पोलैंड फुटबॉल टीम के कोच मिशल प्रोबिएरज ने दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पोलैंड की राष्ट्रीय फुटबाल टीम के कोच मिशल प्रोबिएरज ने स्टार स्ट्राइकर रॉबर्ट लेवेंडोवस्की के साथ विवाद के कुछ दिनों बाद मुख्य कोच के पद से इस्तीफा दे दिया है। पोलैंड फुटबाल संघ द्वारा जारी बयान में प्रोबिएरज ने कहा, मैं इस निष्कर्ष पर पहुंचा हूं कि वर्तमान स्थिति को देखते हुए राष्ट्रीय टीम के हित में सबसे अच्छा निर्णय मुख्य कोच के पद से मेरा इस्तीफा है।

प्रोबिएरज ने इस सप्ताह की शुरुआत में फिनलैंड के खिलाफ विश्व कप क्वालिफायर की पूर्व संध्या पर बार्सिलोना के स्ट्राइकर लेवेंडोवस्की को टीम के कप्तान के पद से हटा दिया और उनकी जगह इंटर मिलान के मिडफील्डर पिओटर जिलिंस्की को नया कप्तान नियुक्त किया था। लेवेंडोवस्की को यह फैसला नागवार गुजरा और उन्होंने घोषणा की कि जब तक प्रोबिएरज मुख्य कोच बने रहेंगे

# मुंबई साउथ सेंट्रल मराठा रॉयल्स ने टी20 मुंबई लीग जीती

**मुंबई (एजेंसी)।** सिद्धेश लाड की अगुआई वाली मुंबई साउथ सेंट्रल मराठा रॉयल्स ने यहां प्रतिष्ठित वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए ग्रैंड फाइनल में श्रेयस अय्यर की अगुआई वाली सोबो मुंबई फाल्कंस को 5 विकेट से हराकर टी20 मुंबई लीग 2025 का खिताब जीत लिया। इसी के साथ ही अय्यर का एक और टी20 लीग का खिताब जीतने का सपना टूट गया। इससे पहले अय्यर की कप्तानी में 11 साल बाद फाइनल में पहुंचने वाली आईपीएल टीम पंजाब किंग्स को खिताबी मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के हाथों हार का सामना करना पड़ा था।


भारत की पहली विश्व कप विजेता टीम कपिल देव और दिलीप वेंगसरकर तथा 2024 टी20 विश्व कप विजेता कप्तान रोहित शर्मा की मौजूदगी वाले खचाखच भरे वानखेड़े स्टेडियम में सोबो मुंबई फाल्कंस ने शुरुआती झटकों से उबरते हुए मयूरेश टंडेल (नाबाद 50) के धैर्यपूर्ण अर्धशतक तथा हर्ष अघव के नाबाद 45 रनों की बदौलत 157/4 का प्रतिस्पर्धी स्कोर बनाया। जवाब में चिन्मय सुतार (53) ने तेज अर्धशतक के साथ एमएससी मराठा रॉयल्स की जीत की नींव रखी जिसमें साहिल जाधव (22), सचिन यादव (19) और विस्फोटक अवैस खान (38) का बहुमूल्य योगदान रहा।




कप्तान सिद्धेश लाड (15) और साहिल ने 32 रनों की तेज साझेदारी करके रॉयल्स को स्थिर शुरुआत दी। इसके बाद चिन्मय ने दो महत्वपूर्ण साझेदारियां कीं जिसमें सचिन यादव के साथ 41 रनों की साझेदारी और उसके बाद अवैस खान के साथ 63 रनों की साझेदारी शामिल थी। इससे रॉयल्स ने लक्ष्य का पीछा मजबूती से खेल को अपने नियंत्रण में कर लिया। हालांकि, 10 गेंदों पर केवल आठ रनों की आवश्यकता के साथ, बाएं हाथ के स्पिनर कार्तिक मिश्रा ने नाटकीय रूप से अंतिम ओवर में अवैस और चिन्मय दोनों को आउट करके फाल्कन्स को मुकाबले में वापस ला दिया।

अंतिम ओवर में सात रन की जरूरत थी। ऐसे समय में रोहन राजे ने अपना धैर्य बनाए रखते पहली गेंद पर चौका लगाया और चार गेंद शेष रहते जीत सुनिश्चित की जिससे रॉयल्स को तनावपूर्ण लेकिन अच्छी जीत मिली। इससे पहले पहले बल्लेबाजी करने के लिए मैदान पर आए फाल्कंस शुरुआती लय पाने में विफल रहे। दोनों सलामी बल्लेबाजों अंगकृश रघुवंशी (7) और ईशान मूलचंदानी (20) सिर्फ 33 रन पर विकेट गंवा बैठे। कप्तान श्रेयस अय्यर (12) और अमोघ भटकल (16) भी अपनी शुरुआत का फायदा उठाए बिना आउट हो गए।

# हरभजन सिंह ने भारत की नम्बर 3 की समस्या सुलझाई, इंग्लैंड के खिलाफ इसे मौका देने की बात की



**मुंबई (एजेंसी)।** भारत और इंग्लैंड के बीच 5 मैचों की आगामी टेस्ट सीरीज से पहले भारतीय के पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने नए नंबर 3 बल्लेबाज के तौर पर साई सुदर्शन का समर्थन किया है। हेडिंग्ले में पहले टेस्ट से पूर्व हरभजन ने कहा कि सुदर्शन इस भूमिका के लिए सबसे उपयुक्त व्यक्ति होंगे। विदर्भ क्रिकेट लीग के दौरान बोलते हुए हरभजन ने कहा कि सुदर्शन हाल ही में शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने आईपीएल 2025 में भी शानदार प्रदर्शन किया था, जिसमें वह सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे थे। हालांकि यह देखना बाकी है कि सुदर्शन को पहले टेस्ट में मौका मिलेगा या नहीं। हरभजन ने कहा, मेरे हिसाब से साई सुदर्शन को तीसरे नंबर पर खेलना चाहिए। वह बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं, बेहतरीन फॉर्म में हैं और हाल ही में उन्होंने आईपीएल में शानदार प्रदर्शन किया है। उनकी तकनीक अच्छी है और मेरा मानना है कि वह इस स्थान के लिए सही विकल्प हो सकते हैं। श्रेयस अय्यर को टेस्ट दौरे के लिए भारतीय टीम में जगह नहीं मिली है। इस पर पूर्व कप्तान और बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली ने उन्हें टीम में शामिल किए जाने की बात कही थी। अब हरभजन ने भी अय्यर का समर्थन किया है। उन्होंने कहा, श्रेयस अय्यर बहुत बढ़िया खिलाड़ी हैं। उन्होंने वनडे में खुद को साबित किया है, विश्व कप, चैंपियंस ट्रॉफी और आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन किया है। इसलिए हां, उन्हें टीम में होना चाहिए था। लेकिन शायद चयनकर्ता उन्हें अभी लाल गेंद के खिलाड़ी के रूप में नहीं देखते हैं। अगर मैं चयन समिति का हिस्सा होता, तो मैं उनके नाम पर विचार करता। लेकिन यह अंत नहीं है, उनका सफर लंबा है, और वह भविष्य में वनडे कप्तान भी बन सकते हैं। एक दौरा मिस करने का मतलब यह नहीं है कि उनका करियर खत्म हो गया है।

# मेहदी हसन मिराज को मिली बड़ी जिम्मेदारी, बांग्लादेश वनडे टीम के कप्तान बने



**ढाका।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने ऑलराउंडर मेहदी हसन मिराज को वनडे टीम का नया कप्तान नियुक्त किया है। 27 वर्षीय मिराज अगले 12 महीनों तक टीम की कमान संभालेंगे। मिराज ने नजमुल हुसैन शांतो की जगह ली है और वह अगले महीने श्रीलंका में बांग्लादेश की आगामी तीन मैचों की वनडे सीरीज के दौरान आधिकारिक तौर पर अपना कार्यकाल शुरू करेंगे। कप्तान नियुक्त किए जाने के बाद मेहदी हसन मिराज ने अपनी नियुक्ति पर खुशी जताई। मिराज ने कहा, 'राष्ट्रीय टीम की कप्तानी करना एक सपने के सच होने जैसा है। बोर्ड ने मुझ पर जो भरोसा जताया है, उससे मैं बेहद सम्मानित महसूस कर रहा हूं। यह मेरे और मेरे परिवार के लिए गर्व का क्षण है। मुझे इस टीम पर पूरा भरोसा है। हमारे पास निडर क्रिकेट खेलने का कौशल और मानसिकता है। मैं चाहता हूं कि हम आत्मविश्वास से भरे रहें, प्रतिबद्ध रहें और देश के लिए दिल से खेलते रहें। ऑफ-स्पिनिंग ऑलराउंडर ने इससे पहले शंटो की अनुपस्थिति में चार वनडे मैचों में बांग्लादेश की कप्तानी की है। 105 वनडे मैचों में 1617 रन और 110 विकेट के साथ, मिराज वर्तमान में आईसीसी रैंकिंग में वनडे ऑलराउंडरों में चौथे स्थान पर हैं। वह मोहम्मद रफीक, मशरफे मुर्तजा और शाकिब अल हसन के साथ बांग्लादेशी क्रिकेटरों के एक विशेष समूह का भी हिस्सा हैं, जिन्होंने इस प्रारूप में 1000 रन और 100 विकेट पूरे किए हैं। इससे पहले, ऑलराउंडर को अगले महीने श्रीलंका में होने वाले अगले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र के अपने पहले असाइनमेंट के लिए बांग्लादेश की टेस्ट टीम में उप-कप्तान के रूप में नामित किया गया था। बीसीबी क्रिकेट संचालन समिति के अध्यक्ष नजमुल अबेदीन ने उन्हें पुरस्कृत करने के निर्णय के पीछे ऑलराउंडर की निरंतरता की ओर इशारा किया। उन्होंने कहा, 'मिराज ने बल्ले और गेंद दोनों से लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है और टीम में जुझारू भावना और संक्रामक ऊर्जा लेकर आए हैं। उनके प्रदर्शन, नेतृत्व के गुण और समग्र परिपक्वता उन्हें हमारी वनडे टीम का मार्गदर्शन करने के लिए एक उपयुक्त विकल्प बनाती है।

अबेदीन ने कहा, 'हम शांतो द्वारा अपनी कप्तानी के दौरान दिखाई गई सकारात्मकता और चरित्र के लिए आभारी हैं। ह हमारे नेतृत्व समूह का एक अभिन्न अंग और बल्लेबाजी इकाई में एक प्रमुख व्यक्ति बने हुए हैं।

